रोहतक

**शुक्रवार, 23 मई 2025**

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
एकादशी वर्ष : 29, अंक : 112
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**
अधि. 43.6
न्यून. 21.2


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




**पानीपत के शहीद मेजर धौंचक को मरणोपरांत शौर्य चक्र :** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में शहीद हुए पानीपत के मेजर आशीष धौंचक को मरणोपरांत शौर्य चक्र मिला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शहीद की मां कमला और पत्नी ज्योति को यह सम्मान दिया। *(पेज 7 भी देखें)*






# मेरी नसों में गर्म सिंदूर बहता है, भारतीयों के खून से खेलना पाक को महंगा पड़ेगा

## *मोदी बोले-जो सिंदूर मिटाने चले थे उन्हें मिट्टी में मिलाया, हमारी सेना ने आतंकी ठिकाने ध्वस्त किए*

भाषा ▸▸| बीकानेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश के दुश्मनों ने देख लिया कि जब सिंदूर बारूद बन जाता है तो नतीजा क्या होता है। प्रधानमंत्री ने भारत के सशस्त्र बलों की प्रशंसा करते हुए कहा कि तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया। मोदी ने यहां पलाना देशनोक में जनसभा को संबोधित किया। यह भारतीय सशस्त्र बलों के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद उनका राजस्थान में पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था। मोदी ने कहा, 22 तारीख के हमले के जवाब में हमने 22 मिनट में आतंकियों के नौ सबसे बड़े ठिकाने तबाह कर दिए। पाकिस्तान की सीमा से सटे इस इलाके में उन्होंने कहा, दुनिया ने और देश के दुश्मनों ने भी देख लिया कि जब सिंदूर बारूद बन जाता है तो नतीजा क्या होता है। उन्होंने कहा, मोदी का दिमाग ठंडा रहता है, लेकिन मोदी का लहू गर्म होता है। अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं गर्म सिंदूर बह रहा है। अब भारत ने दो टूक साफ कर दिया है, भारतीयों के खून से खेलना पाकिस्तान को महंगा पड़ेगा। हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। और ये कीमत, पाकिस्तान की सेना चुकाएगी, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चुकाएगी।

### राजस्थान से पाक पर प्रहार

यह सिर्फ आक्रोश नहीं, समर्थ भारत का रौद्र रूप

■

हम परमाणु बम की गीदड़ भभकियों से डरने वाले नहीं

■

पाक के साथ अब ट्रेड और टॉक नहीं, पीओके पर होगी बात

■

हमारी सेना पाकिस्तान को घुटनों के बल लेकर आई



### यह न्याय का रूप

मोदी ने कहा कि आतंकवादी हमले पर भारत की प्रतिक्रिया प्रतिशोध का खेल नहीं बल्कि न्याय का नया रूप है। अब पाकिस्तान के साथ कोई व्यापार (ट्रेड) या बातचीत (वार्ता) नहीं होगी, केवल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के बारे में बात होगी। पाकिस्तान को सख्त संदेश देते हुए कहा कि भारत परमाणु धमकियों से डरने वाला नहीं है और अगर देश पर आतंकवादी हमला होता है तो वह उसका मुंहतोड़ जवाब देगा।

### तीनों सेनाओं को खुली छूट

'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम देने के लिए सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए कहा,' सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दे दी थी। पाकिस्तान ने बीकानेर में नाल एयरबेस को निशाना बनाने की कोशिश की थी, लेकिन उसे रत्ती भर भी नुकसान नहीं पहुंचा सका। यहां से कुछ ही दूर सीमा पार पाकिस्तान का रहीम यार खान एयरबेस है, पता नहीं आगे कब खुलेगा, आईसीयू में पड़ा है। भारत की सेना के अचूक प्रहार ने, इस एयरबेस को तहस-नहस कर दिया है।

### मैं देश नहीं मिटने दूंगा

मोदी ने 2019 के बालाकोट हवाई हमले के बाद राजस्थान के चूरू में सार्वजनिक रैली को याद किया और कहा कि उन्होंने तब कहा था, सौगंध मुझे इस मिट्टी की, मैं देश नहीं मिटने दूंगा, मैं देश नहीं झुकने दूंगा।' आज राजस्थान की धरती से मैं देशवासियों से कहता हूं जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया है। जो हिंदुस्तान का लहू बहाते थे, आज (उन्होंने) कतरे कतरे का हिसाब चुकाया है। जो अपने हथियारों पर घमंड करते थे आज मलबे के ढेर में दबे हुए हैं।'

# पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**कोर्ट रूम खाली करवाए, वकील चैंबर से बाहर निकले** | **बम और डॉग स्क्वायड ने हाईकोर्ट परिसर की जांच की** | **ढाई घंटे चला सर्च अभियान, नहीं मिला कोई बम**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट को गुरुवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी वाला एक ई-मेल मिला, जिसके बाद चंडीगढ़ पुलिस ने अदालत परिसर को कुछ समय के लिए खाली कराया और वहां करीब ढाई घंटे तक गहन तलाशी ली। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि बम विस्फोट की धमकी फर्जी निकली, क्योंकि पुलिस को तलाशी के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस ने अदालत परिसर को खाली करा लिया और वहां आम लोगों के प्रवेश पर कुछ घंटों के लिए प्रतिबंध लगा दिया। अदालत परिसर की गहन तलाशी ली गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उसने कहा कि दोपहर में अदालत परिसर में कामकाज बहाल हो गया। चंडीगढ़ पुलिस के उप विभागीय पुलिस अधिकारी (मध्य) उदयपाल सिंह ने कहा, "उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार कार्यालय को एक ई-मेल मिला, जिसमें दावा किया गया कि परिसर में एक आईईडी लगाया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने गहन तलाशी शुरू की, लेकिन कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।"

### दोपहर में शुरू हुआ काम

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सरतेज सिंह नरूला ने बताया कि दोपहर में अदालती कामकाज फिर से शुरू हो गया। इससे पहले, नरूला ने बताया कि बम की धमकी वाला ईमेल मिलने के तुरंत बाद अदालत परिसर को खाली करा लिया गया था। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल सत्य पाल जैन ने अदालत परिसर के बाहर पत्रकारों से कहा, हम एक मामले की सुनवाई के लिए अदालत के अंदर थे। चंडीगढ़ पुलिस के डीजीपी और एसएसपी (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक) भी एक मामले के सिलसिले में अदालत के एक कक्ष में मौजूद थे। हमें बताया गया कि एक ई-मेल मिला है, जिसमें अदालत परिसर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में कोबरा कमांडो शहीद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में माओवाद विरोधी अभियान के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक 'कोबरा' कमांडो शहीद हो गया, जबकि एक नक्सली भी मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि उसूर थाना क्षेत्र के तुमरेल में सीआरपीएफ की कमांडो बटालियन फॉर रेज़ोल्यूट एक्शन (कोबरा) इकाई की 210वीं बटालियन ने अभियान चलाया था। भाषा

### इजराइली दूतावास के दो कर्मियों की हत्या

**वाशिंगटन।** वाशिंगटन स्थित इजराइली दूतावास के दो कर्मियों की यहूदी संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम से बाहर निकलते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है जिसने 'फलस्तीन को आजाद करो' के नारे लगाए थे। इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने मृतकों की पहचान यारोन लिशिंस्की और सारा मिलग्रिम के रूप में की। भाषा

### ईडी ने की हदें पार, यह संघीय ढांचे का उल्लंघन

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु शराब दुकान लाइसेंस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ईडी ने सारी हदें पार कर दी। जब राज्य सरकार की जांच एजेंसी इस मामले में कार्रवाई कर रही है तो ईडी को हस्तक्षेप करने की जरूरत नहीं है। ईडी संघीय ढांचे का उल्लंघन कर रही है। कोर्ट ने तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। एजेंसी

### सलमान के अपार्टमेंट में घुसे दो लोग गिरफ्तार

**मुंबई।** पुलिस ने दो दिन में मुंबई के बांद्रा इलाके में अभिनेता सलमान खान के अपार्टमेंट में अनधिकृत तरीके से घुसने के आरोप में एक पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि महिला ने बांद्रा पश्चिम स्थित बॉलीवुड अभिनेता के गैलेक्सी अपार्टमेंट के फ्लैट का दरवाजा भी खटखटाया। भाषा

### दिव्यांग कर्मियों को आवास आवंटन में 4% कोटा

**नई दिल्ली।** केंद्र 'सामान्य पूल आवासीय आवास श्रेणी' के तहत सरकारी आवास के आवंटन में दिव्यांग व्यक्तियों को चार प्रतिशत आरक्षण प्रदान करेगा। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के संपदा निदेशालय ने इस संबंध में एक कार्यालय ज्ञापन जारी किया है। यह निदेशालय पात्र केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को आवास आवंटित करता है। भाषा

### गुलजार को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया

**मुंबई।** प्रसिद्ध कवि-गीतकार गुलजार को उपनगरीय बांद्रा स्थित उनके आवास पर भारत का सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान 58वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया। नब्बे वर्षीय गीतकार स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण पिछले सप्ताह नयी दिल्ली में आयोजित समारोह में शामिल नहीं हो सके थे। गुलजार को भारतीय ज्ञानपीठ के सदस्यों द्वारा एक प्रशस्ति पत्र, 11 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और वाग्देवी सरस्वती की एक कांस्य प्रतिमा प्रदान की गई। भाषा

## कीरू प्रोजेक्ट में 2,200 करोड़ का भ्रष्टाचार!

# कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के खिलाफ चार्जशीट दायर

भाषा ▸▸| नई दिल्ली

सीबीआई ने किरू जलविद्युत परियोजना में 2,200 करोड़ रुपये के सिविल कार्यों के ठेके में भ्रष्टाचार के मामले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक और 5 अन्य लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने तीन साल की जांच के बाद मलिक और पांच अन्य लोगों को आरोपी बनाते हुए विशेष अदालत के समक्ष आरोप पत्र दाखिल किया। सीबीआई ने इसी मामले को लेकर 22 फरवरी 2024 को सत्यपाल मलिक के ठिकाने पर छापा मारा था। साथ ही दिल्ली में 29 अन्य ठिकानों पर भी रेड की थी। दरअसल, सत्यपाल मलिक ने 17 अक्टूबर 2021 को कहा था कि उन्हें जम्मू-कश्मीर का राज्यपाल रहते 300 करोड़ की रिश्वत ऑफर हुई थी, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया। इसके बाद सीबीआई ने अप्रैल 2022 में जम्मू-कश्मीर सरकार के कहने पर मामला दर्ज किया था। मलिक अगस्त 2018 से अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे।



सीबीआई की चार्जशीट में 5 अन्य नाम भी शामिल

कीरू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट में घोटाले की आशंका

सत्यपाल बोले, मेरी तबीयत खराब, अस्पताल में भर्ती

जिन लोगों ने मेरी शिकायत की, उनकी जांच नहीं की

### यह बोले मलिक

मलिक ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह अस्पताल में भर्ती हैं और किसी से बात करने की स्थिति में नहीं हैं। पूर्व राज्यपाल ने कहा कि उन्हें कई शुभचिंतकों के फोन आ रहे हैं, जिन्हें उठाने में वह असमर्थ हैं। मलिक ने कहा कि जिन लोगों के बारे में उन्होंने शिकायत की थी और जो भ्रष्टाचार में शामिल थे, उनकी जांच करने के बजाय सीबीआई ने उनके आवास पर छापा मारा। पूर्व राज्यपाल ने पोस्ट में कहा था, उन्हें (सीबीआई अधिकारियों को) चार से पांच कुर्ते और पायजामा के अलावा कुछ नहीं मिलेगा। तानाशाह सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर मुझे डराने की कोशिश कर रहा है। मैं एक किसान का बेटा हूं, मैं न तो डरूंगा और न ही झुकूंगा।

**शीर्ष कोर्ट ने तीन दिन तक सुनीं दलीलें**

# वक्फ कानून पर सुनवाई पूरी सुको ने फैसला सुरक्षित रखा

भाषा ▸▸| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद बृहस्पतिवार को तीन मुद्दों पर अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें अदालतों द्वारा वक्फ, वक्फ बाई यूजर या वक्फ बाई डीड घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति भी शामिल है। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने संशोधित वक्फ कानून का विरोध करने वालों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, राजीव धवन और अभिषेक सिंघवी तथा केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें लगातार तीन दिन तक सुनीं, जिसके बाद अपना अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया।

### केंद्र ने कहा, यह धर्मनिरपेक्ष अवधारणा

केंद्र ने इस अधिनियम का दृढ़ता से समर्थन करते हुए कहा कि वक्फ अपनी प्रकृति से ही एक "धर्मनिरपेक्ष अवधारणा" है और "संवैधानिकता की धारणा" के इसके पक्ष में होने के मद्देनजर इस पर रोक नहीं लगाई जा सकती।

### सिब्बल बोले, कब्जा करने का जरिया

याचिकाकर्ताओं की पैरवी कर रहे सिब्बल ने इस कानून को "ऐतिहासिक कानूनी और संवैधानिक सिद्धांतों से पूर्ण विचलन" तथा "गैर-न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से वक्फ पर कब्जा करने" का जरिया बताया। उन्होंने कहा, यह वक्फ संपत्तियों पर सुनियोजित तरीके से कब्जा करने का मामला है। सरकार यह तय नहीं कर सकती कि कौन से मुद्दे उठाए जा सकते हैं।

### किश्तवाड़ में मुठभेड़ में सैनिक शहीद

**जम्मू (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में बृहस्पतिवार को घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक सैनिक शहीद हो गया। अधिकारियों ने बताया कि छतरू के शिंगपुरा में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद तलाशी अभियान प्रारंभ किया गया और उस दौरान सुरक्षा बलों एवं आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। कहा जा रहा है कि चार आतंकवादियों को इलाके में घेर लिया गया है।

# सरकारी भर्तियों में सामाजिक, आर्थिक और अनुभव के अतिरिक्त 10 अंक नहीं मिलेंगे

**अंकों की व्यवस्था को हाईकोर्ट ने किया रद्द**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश में सरकारी भर्तियों में सामाजिक-आर्थिक आधार और अनुभव के नाम पर दिए जा रहे 10 अतिरिक्त अंकों की व्यवस्था को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया। कोर्ट ने 11 जून 2019 को जारी उस अधिसूचना को निरस्त कर दिया है, जिसके तहत उम्मीदवारों को विधवा, अनाथ या परिवार में कोई सरकारी नौकरी न होने पर अतिरिक्त अंक दिए जा रहे थे। यह फैसला जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस मीनाक्षी मेहता की डिवीजन बेंच ने सुनाया। याचिका में करनाल की मोनिका रमन ने भी दावा किया था कि उसने जूनियर सिस्टम इंजीनियर के पद के लिए लिखित परीक्षा में पूरे 90 में 90 अंक प्राप्त किए थे, फिर भी सामाजिक-आर्थिक अंकों के चलते उसका चयन नहीं हो सका।

# यूट्यूबर ज्योति का पुलिस रिमांड चार दिन और बढ़ा

**बैंक खातों और वित्तीय लेन-देन की होगी जांच**



**हिसार(हरिभूमि न्यूज)।** जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को अदालत ने फिर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। 5 दिन की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद गुरुवार को उसे अदालत में पेश किया और कुछ अन्य जानकारियां हासिल करने के लिए रिमांड मांगा। पुलिस ने अदालत को बताया कि पूरी तहकीकात व अन्य जानकारियां जुटाने के लिए अभी और रिमांड की जरूरत है। इस पर कोर्ट ने ज्योति की 4 दिन की रिमांड स्वीकार कर ली। ज्योति को 16 मई को गिरफ्तार किया गया था। रिमांड के दौरान एनआईएस सहित कुछ अन्य केन्द्रीय एजेंसियों ने ज्योति से पूछताछ की थी। अब उसे बैंक खातों और वित्तीय लेन देन की जांच होगी।

# नीट-पीजी में मेडिकल संस्थानों को फीस की डिटेल्स देनी होगी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने स्नातकोत्तर मेडिकल प्रवेश में बड़े पैमाने पर सीट रोकने (ब्लॉक करने) के चलन पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी निजी और मानद (डीम्ड) विश्वविद्यालयों को राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) के लिए काउंसलिंग से पूर्व अपनी फीस डिटेल्स देना अनिवार्य कर दिया है। कोर्ट ने यह आदेश गुरुवार को नीट-पीजी में ट्रांसपेरेंसी से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान दिया। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने यह सुनवाई की और आदेश जारी किए।

***सुप्रीम कोर्ट का आदेश, सीट ब्लॉक करने पर जुर्माना लगेगा***

### सीट रोकना प्रणालीगत खामी

पीठ ने 29 अप्रैल के अपने आदेश में कहा, 'सीट को रोकना सिर्फ गलत काम भर नहीं है, बल्कि यह पारदर्शिता की कमी और कमजोर नीति प्रवर्तन के साथ ही प्रणालीगत खामियों को भी दर्शाता है। हालांकि नियामक निकायों ने इसे निरुत्साहित किया है और तकनीकी नियंत्रण भी लागू किए हैं, लेकिन समन्वय, सही स्थिति और एकरूपता बनाए रखने जैसी मुख्य चुनौतियों का समाधान नहीं हो पाया है। वास्तव में निष्पक्ष और कुशल प्रणाली प्राप्त करने के लिए नीतिगत बदलावों से कहीं अधिक की आवश्यकता होगी।

**मौसम** प्रदेश के कई जिलों में गाड़ियां टूटी, पेड़-पोल गिरे, छप्पर उड़े, ब्लैकआउट रहा

*तापमान में 5 डिग्री से ज्यादा की गिरावट दर्ज, भीषण गर्मी से मिली राहत*

***मौसम विभाग का दावा, नौतपा में भीषण गर्मी के आसार नहीं***

# सात जिलों में आंधी, बारिश व ओलों ने भारी नुकसान पहुंचाया, दो की जान गई

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** प्रदेश में बुधवार शाम से रात तक चली भीषण आंधी, बारिश और ओले गिरने से भारी नुकसान पहुंचा है। इसके बाद गुरुवार को मौसम साफ हुआ तो तबाही का मंजर देखने को मिला। 7 जिलों में आंधी आई और 2 जिलों में ओले गिरे हैं, जबकि, 7 जिलों में तेज बारिश भी हुई। बूंदाबांदी के बाद मौसम का मिजाज कुछ ठंडा पड़ गया। तापमान में 5 डिग्री से अधिक की गिरावट आने से भारी गर्मी व गर्म हवाओं से कुछ हद तक राहत मिल गई। आंधी के बाद कई गांवों में पेड़ व बिजली के पोल गिर गए, जिससे दो दर्जन से अधिक गांवों में लोगों को अंधेरे में रात बितानी पड़ी। 2 लोगों की मौत होने की सूचना है, जबकि 5 लोग घायल हुए हैं। पानीपत में आई आधी में बड़ी संख्या में पेड़ और बिजली के खंभे गिरे हैं, जिससे देर रात तक कई इलाकों की बिजली गुल रही। एक खंभा कार पर गिरा, जिससे कार टूट गई। वहीं, जीटी रोड पर टोल प्लाजा की छत उड़ गई। कच्चा कैंप में एक्टिवा पर जा रही दादी और उसके दोहते पर ग्रिल गिर गई। इससे वृद्धा की मौत हो गई, जबकि दोहता घायल है। एक महिला समेत 5 अन्य लोग भी घायल हुए हैं।

### इन जिलों में नुकसान

बुधवार देर शाम फरीदाबाद, सोनीपत, अंबाला, करनाल, कैथल, पंचकूला और यमुनानगर में तेज बारिश हुई। जबकि, करनाल और कुरुक्षेत्र में ओले भी गिरे। वहीं, हिसार, झज्जर, भिवानी, नूंह, फतेहाबाद, पानीपत और गुरुग्राम में आंधी चली। इससे जगह-जगह नुकसान हुआ है।



### कई जिलों में बिजली गुल

तेज आंधी के कारण कई जिलों में ब्लैकआउट हो गया। लोगों को अंधेरे में रात बितानी पड़ी। आंधी बंद होने के बाद बिजली निगम ने फीडरों को बारी-बारी से चालू करना शुरू किया।

*मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल सकता है। 23 मई को भी बादलों के बीच कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हो सकती है।*

**यूपी में आंधी-बारिश से 58 की मौत**

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत देश के 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शुक्रवार को आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं यूपी में दो दिन में बिजली, पेड़ और दीवार गिरने और अन्य हादसों में 58 लोगों की मौत हो गई। छत्तीसगढ़ में 4 लोगों की मौत हो गई। वहीं जम्मू-कश्मीर के पुंछ में तूफान से कई स्कूल ढह गए। सेना रेस्क्यू में मदद कर रही है।

# हवाई हमले मात्र ट्रेलर, मोदी का ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी : कैप्टन अभिमन्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने कहा है कि पहलगाम में बेकसूर लोगों की पाकिस्तान के आतंकवादियों ने उनका धर्म पूछकर गोली मार दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना किसी से बात करे पाकिस्तान में बने आतंकियों के ठिकानों को नष्ट करने का काम किया और अब पूरी दुनिया हिंदुस्तान के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि यह हवाई हमले तो एक ट्रेलर थे, ऑपरेशन सिंदूर जारी है। पूरी दुनिया में हमारे देश की तरफ आंख उठा कर देखने की किसी में हिम्मत नहीं है। कैप्टन अभिमन्यु गुरुवार को नारनौंद में तिरंगा यात्रा निकालने के उपरांत लोगों को संबोधित कर रहे थे। तिरंगा यात्रा उप मंडल परिसर से पुराने बस स्टेंड तक निकाली गई जिसमें भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि यह नया भारत है। आतंकी कसाब ने 10 साल तक हमारे देश की बिरयानी खाई, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसी से कोई बात न करके आतंकवाद का खात्मा करने के लिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला करके सबक सिखाने का काम किया।

## तिरंगा यात्रा में पूर्व वित्त मंत्री ने भरा कार्यकर्ताओं में जोश



### सहमे हुए हैं पाकिस्तान में बैठे आतंकवादी

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि जब तक आतंकवाद खत्म नहीं होगा यह लड़ाई जारी रहेगी। पाकिस्तान में बैठे आतंकी सहमे हुए हैं और उन्हें लगता है कि हिंदुस्तान की कोई मिसाइल उनके ऊपर कब गिर जाए। उनके हौसले टूट चुके हैं प्रधानमंत्री ने मिसाल कायम की है कि अब आतंकवाद सहन नहीं होगा। ऑपरेशन सिंदूर जारी है।



### दुनिया के हर देश ने भारत का समर्थन किया

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि दुनिया के हर देश ने भारत का समर्थन किया है। अब यह विश्व विजय का तिरंगा है। देश में कुछ ऐसी तकतें हैं जो देश के नागरिकों का मनोबल गिराने की ताक में रहते हैं। भारत का प्रत्येक नागरिक देश के प्रति सजग है और हमारे देश की तरफ कोई आंख उठा कर भी नहीं देख सकता।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, भाजपा नेता बिजेंद्र लोहान, महिला जिला अध्यक्ष नीलम जांगड़ा, अजय सिंधु, चेयरमैन शमशेर कूकन, पार्षद संजय खरब, दीपक लोहान, कुलदीप गौतम, नरेश वर्मा, सुनील बैरागी, सुरेश एमसी, जयबीर माजरा, कर्णपाल पेटवाड़, महावीर श्योराण, सोनू सैनी, अमित मोर, सरपंच बलजीत खांडा, रामकेश माजरा, जगदीश भैरों, राजेंद्र लांबा, सरला नाड़ा, ईश्वर बडाला, चांदी मान, पार्षद अमित सैनी, टेकराम, राजबीर, अंग्रेजो, सुदेश और शीला मौजूद थे।


## हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

### शुद्धिपत्र-II

उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा में विज्ञा. सं. 26/2023 के तहत शेष हरियाणा कैडर के लिए कम्प्यूटर साइंस विषय में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स के 1633 पदों और विज्ञा. सं. 36/2023 के तहत मेवात कैडर के 78 पदों को विज्ञापित किया था। आयोग ने सभी पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र आमंत्रण के लिए पोर्टल को पुनः खोलने का निर्णय लिया है। उम्मीदवारों ऑनलाइन लिंक अर्थात http://hpsc.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते / अपने दस्तावेज / प्रमाण-पत्रों को अद्यतन कर सकते हैं। लिंक 27.05.2025 से और 02.06.2025 को अप. 5.00 बजे तक उपलब्ध होगा।

विस्तृत योग्यता और शुद्धिपत्र के नियम एवं शर्तें आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध है।

हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

दिनांक : 22.05.2025
संवाद-1156/13/326/2026/35022/88/6 दि. 22.05.25



## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय बाग एवं नर्सरी, चीका पर वर्ष 2024-25 के लिये बाग में लगे आम, नाशपति. बेर आंवला, अमरुद तथा नींबू आदि 19 (एकड) फलों की नीलामी Dr. Subhash Chander. DDH, CEG. Bhuna Fathebad की देख-रेख में दिनांक 26.05.2025 को प्रातः 10 बजे होनी निश्चित हुई है। बाग की नीलामी खुली बोली के आधार पर की जायेगी। नीलामी से पहले बाग को देखने के इच्छुक फलों के क्रेता विक्रेता एवं ठेकेदार किसी भी कार्य दिवस में आकर बाग का निरीक्षण कर सकते हैं। प्रत्येक बोलीदाता द्वारा अपना आधार कार्ड साथ लाना होगा। बिना आधार कार्ड बोली में भाग नहीं लेने दिया जायेगा। बोली में भाग लेने के इच्छुक बोली दाता को नर्सरी पर सुबह 10 बजे के बाद प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा।

प्रत्येक बोली दाता को बोली में भाग लेने से पहले 50,000/-रु की अग्रिम धरोहर राशि जमा करवानी होगी, जोकि सफल बोलीदाता के अतिरिक्त सभी को नीलामी के पश्चात वापिस कर दी जायेगी। सफल बोलीदाता द्वारा जमा अग्रिम राशि को नीलामी राशि में समायोजित कर दिया जायेगा

नीलामी के विषय में अधिक जानकारी के लिये उद्यान विकास अधिकारी, राजकीय बाग एवं नर्सरी, बीका के मो० न0 9728949541 पर सम्पर्क करें।

हस्ता/-जिला उद्यान अधिकारी,
कैथल।

पीआरडीएच 1149/11/838/2026/35017/88/6 दि. 22.05.2025


## खबर संक्षेप

### चरखी दादरी की दो और झज्जर की तीन पंचायतों के लिए 15 जून को चुनाव

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने चरखी दादरी जिले की बाढ़डा खंड की ग्राम पंचायत हंसावास खुर्द एवं बाढ़डा तथा झज्जर जिले के बादली खंड की ग्राम पंचायत बादली व एमपी माजरा और फैजाबाद ग्राम पंचायतों के पंचों व सरपंचों के आमचुनाव की अधिसूचना जारी की है। नामांकन 24 से 30 मई तक जमा करवाए जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच 31 मई को की जाएगी। नामांकन पत्र 2 जून तक वापस लिए जा सकते हैं। अधिसूचना अनुसार चुनाव 15 जून को प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक के बीच होगा। मतगणना मतदान खत्म होने के उसी दिन मतदान केंद्रों पर की जाएगी और उसी दिन चुनाव परिणाम घोषित किया जाएगा। यदि किसी मतदान केंद्र पर पुनः मतदान होगा तो 17 जून को मतदान होगा और उसी दिन चुनाव परिणाम पूर्ण होने के बाद चुनाव परिणाम घोषित किया जाएगा।

### बीबीएमबी ने 10300 क्यूसेक पानी दिया

**चंडीगढ़।** सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि बीबीएमबी की एक तकनीकी समिति की बैठक की गई, जिसमें हरियाणा राज्य के लिए 10300 क्यूसेक पानी आवंटित किया गया। उन्होंने बताया कि हरियाणा संपर्क बिंदु पर 10300 क्यूसेक में से 3600 क्यूसेक पानी नरवाना शाखा में छोड़ा जाएगा जो डब्ल्यूजेसी प्रणाली जींद, भिवानी, रोहतक, झज्जर और दक्षिणी हरियाणा के जिलों की जरूरतों को पूरा करेगा और बीएमएल के आरडी 390000' पर प्राप्त 6700 क्यूसेक पानी हिसार, सिरसा, फतेहाबाद जिलों की मांगों को पूरा करते हुए बरवाला लिंक चैनल और बीएमएल समूह की पूंछ को आपूर्ति की जाएगी।

## पंचायतों को तोहफे देने की तैयारी में नायब सैनी सरकार

# पंचायत घरों में शहीदों की प्रतिमाएं लगेंगी सैनिकों के नाम पर होंगे गांव के रास्ते

**प्रदेश के सभी डीडीपीओ से मांगा ब्योरा**

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

सूबे की नायब सैनी सरकार और पंचायत मंत्री कृष्ण पंवार गांवों को बड़े तोहफे देने की तैयारी में हैं। पूरे प्रदेशभर के सभी डीडीपीओ से इस तरह की ग्राम पंचायतों का ब्योरा मांगा गया है, जहां जहां पर ग्राम पंचायत भवन उपलब्ध नहीं है, इस तरह के गांवों की जानकारी प्रदेश मुख्यालय पर भेजनी होगी। इसके अलावा गांव के शहीदों के नाम पर गांव के रास्तों के नाम रखने के साथ ही उनकी मूर्ति स्थापित करने की पहल भी विभाग करने के लिए तैयार है, बशर्ते गांव की ओर से इस तरह का प्रस्ताव किया जाए।

मंत्री कृष्ण लाल पंवार का कहना है कि राज्य के सभी डीडीपीओ से जानकारी मांगी गई है। हर जिले की ग्राम पंचायत जहां पर पंचायत भवन नहीं है, वहां पर पंचायत भवन तैयार करने की योजना को अमली जामा पहनाया जाएगा, इसकी जानकारी आते ही इस दिशा में कदम उठाया जाएगा। इस क्रम में उन्होंने पिछले दिनों गांव में जाकर गांव के पांच छह शहीद सैनिकों की मूर्ति लगाए जाने के मौके पर गांव के रास्तों का भी नाम उनके नाम पर रखे जाने की सहमति दे दी है। मंत्री ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में पंचायत भवन हों सामूहिक कार्यक्रम, बैठकों व अन्य उपयोग के लिए जहां पर नहीं है, वहां होने जरूरी है। इस पर सरकार जहां जहां ग्राम पंचायत में नहीं है, वहां प्राथमिकता से तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भी दर्जनों कदम उठाने जा रहे हैं। शहीदों के नाम के पटल, शहीदों सैनिकों के नाम के स्वागत द्वार और पुराने जो लगे हुए हैं, उनको ठीक करने का काम भी होगा। साथ ही डिजिटल तौर पर भी गांव की जानकारी और पंचायतें का ब्योरा उपलब्ध होना जरूरी है।

### बजट बढ़ाया, गांवों के विकास को देंगे गति



विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण एरिया पर खास फोकस कर रही है, यही कारण है कि वर्ष 2025-26 के विभाग के बजट में अभूतपूर्व वृद्धि कर गई है। बजट को बढ़ाकर 7131.98 करोड़ कर दिया गया है। उन्होंने भैंसरू खुर्द रोहतक का जिक्र करते हुए कहा कि गांव के शहीदों और सैनिकों की याद में रास्तों के नाम रखने के साथ साथ में उनकी प्रतिमाएं लगाने सहित कईं काम होंगे हमे देश के शहीद सैनिकों की याद को ताजा रखना होगा साथ ही आने वाली पीढ़ियों को संदेश देना भी

### सभी मंत्रियों, विधायकों से मंत्रणा की

राज्य के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण पंवार का कहना है कि मैंने अपने मंत्रिमंडल के साथियों के साथ में भी उनके इलाकों में ग्राम पंचायतों को लेकर विचार मंथन किया है, ताकि उनके सुझाव व फीडबैक लिया जा सके।



साथ ही जहां जहां पर पंचायत भवन नहीं है, उन्हें तैयार कराया जाए। पंवार ने कहा कि काफी सुझाव और फीडबैक मिल रहा है, जिसके हिसाब से ही आने वाले समय में विकास के कार्यों को गति देने का काम करेंगे।

## गंभीर अपराधों में अधिक सजा दिलवाने की कवायद शुरू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

■ गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने की बैठक

हरियाणा गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने पुलिस और अभियोजन अधिकारियों से दुष्कर्म, सामूहिक दुष्कर्म, हत्या और मादक पदार्थ तस्करी जैसे गंभीर अपराधों में सजा की दर बढ़ाने के लिए प्रयास तेज करने को कहा है। 'चिन्हित अपराध' पहल के तहत 25वीं राज्य स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने 61.5 प्रतिशत की वर्तमान सजा दर को पार करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में बताया गया कि राज्य ने फरवरी और मार्च 2025 के लिए इस पहल के तहत 117 नए मामलों को शामिल किया है और वर्तमान में 1,683 मामलों की सक्रिय निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सजा सुनिश्चित करने के लिए त्वरित, साक्ष्य-आधारित जांच और समय पर फोरेंसिक रिपोर्ट बेहद महत्वपूर्ण हैं। डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। जांच या सुनवाई में देरी या लापरवाही से जनता का विश्वास कमजोर होता है। उन्होंने जिला पुलिस अधिकारियों और अभियोजकों को तालमेल से काम करने का निर्देश दिए।

## पीने के पानी पर पंजाब के मुख्यमंत्री को अहंकार शोभा नहीं देता: सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को लाडवा में पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान अहंकार में हैं, उन्हें पीने के पानी को लेकर इस प्रकार की राजनीति शोभा नहीं देती। इन महीनों में तो लोग पानी की छबील लगाकर पुण्य कमाते हैं। पंजाब सरकार को सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के फैसले को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे राजनीति से ऊपर उठकर हमारे हिस्से का पानी दें।



### प्रदेश में विकास के नए रास्ते खोले

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी से प्रदेश के विकास को लेकर मंत्रणा की गई। प्रदेश के कोने-कोने में विकास हो इसके लिए लिए नए-नए रास्ते खोले हैं। अमृत स्टेशन योजना के तहत कई रेलवे स्टेशनों का जीर्णोद्धार हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश में जो कार्य करवाए, उनका सभी को पता है। अब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों में हुए बदलावों को जनता ने देखा है।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 212 दिनांक 20.05.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे –**



नाम - अंजली
पिता/पति- पुत्री सतीश
पता - निवासी गांव सुनारियां कलां रोहतक
उम्र-19 वर्ष
कद- 5 फुट 4 इंच ।
हुलिया - रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा।
पहनावा - आसमानी रंग का सूट सलवार व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए।

दिनांक 20.05.25 को अंजली पुत्री सतीश निवासी गांव सुनारियां कलां रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है । यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 8814038021



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 213 दिनांक 20.05.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - तन्नू
पिता/पति-पत्नी संदीप
पता - निवासी न्यू विजय नगर रोहतक
उम्र- 24 वर्ष
कद- 5 फुट 3 ईंच ।
हुलिया - रंग गेंहुआ, गोल चेहरा।
पहनावा - सूट सलवार व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए।

दिनांक 20.05.25 को तन्नू पत्नी संदीप निवासी न्यू विजय नगर रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर यदि सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9996780975

पीआरडीएच-1084/11/3422/2026/35009/88/6 दि. 22.05.2025



## उत्तर रेलवे

### ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई-नीलामी रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| | क्र. सं. | नीलामी काटलोग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| NFR | 1 | UMBExtFFMA 04-25 | ट्रेन न. - 14503/14504(KLK-SVDK Express) एवं 22455/56 (SNSI-KLK Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 02.06.25 15:00 |
| | 2 | UMBExtFFMA 04-25 | ट्रेन न. - 14521/14522(DLI-UMB Express) एवं 14507/08 (DLI-FKA Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 02.06.25 15:00 |
| | 3 | UMBExtFFMA 04-25 | ट्रेन न. - 14525/14526(UMB-SGNR Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 02.06.25 15:00 |
| | 4 | UMBExtFFMA 04-25 | ट्रेन न. - 14523/14524(UMB-BJU Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 02.06.25 15:00 |
| | 5 | UMBExtFFMA 04-25 | ट्रेन न. - 12449/50(CDG-MAO Sampark Kranti Express) & 10215/16 (MAO-ERS Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 02.06.25 15:00 |
| | 6 | UMBExtFFMA 04-25 | ट्रेन न. - 20493/94(CDG-MDU Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 02.06.25 15:00 |
| | 7 | UMBExtFFMA 04-25 | ट्रेन न. - 22451/22452(CDG-BDTS Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 02.06.25 15:00 |
| | 8 | UMB-Advt-08-25 | चंडीगढ़ के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 04.06.25 12:00 |
| | 9 | UMB-Advt-08-25 | सिरहिंद रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 04.06.25 12:00 |
| | 10 | UMB-Advt-08-25 | गिदड़बाहा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 04.06.25 12:00 |
| | 11 | UMB-Advt-08-25 | भटिंडा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 04.06.25 12:00 |
| | 12 | UMB-Advt-08-25 | फतेगढ़ साहिब रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 04.06.25 12:00 |
| | 13 | UMB-Advt-08-25 | धूरी रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 04.06.25 12:00 |
| | 14 | UMB-Advt-08-25 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 04.06.25 12:00 |
| | 15 | UMB-Advt-08-25 | शिमला रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 04.06.25 12:00 |
| | 16 | UMB-Advt-08-25 | बराडा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 04.06.25 12:00 |
| | 17 | UMB-Advt-08-25 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन परिसर में डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 04.06.25 12:00 |
| | 18 | UMB-Advt-08-25 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन परिसर में नॉन-डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 04.06.25 12:00 |
| | 19 | UMB-Advt-08-25 | भटिंडा रेलवे स्टेशन परिसर में नॉन-डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 04.06.25 12:00 |
| | 20 | UMB-Advt-08-25 | ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन परिसर में नॉन-डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 04.06.25 12:00 |
| Pay & Use | 21 | UMB-PnUToi 03-25 | भटिंडा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 5/7 पर 3 वर्ष के लिए पे एवं यूज शौचालय के संचालन एवं रख-रखाव का ठेका। | 04.06.25 15:00 |
| | 22 | UMB-PnUToi 03-25 | धुरी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 01 पर कुल 02 पे एवं यूज शौचालय के संचालन एवं रख-रखाव का ठेका। | 04.06.25 15:00 |

File No.: 2397100/2025/O/o SR.DCM/UMB/NR 1499/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## शिकायतों पर अधिकारियों से जवाब-तलब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

■ जनसंवाद, सीएम विंडो और एसएमजीटी पर शिकायतों की समीक्षा

■ एसएमजीटी के नोडल अधिकारी से लंबित शिकायतों के निराकरण में लापरवाही के लिए स्पष्टीकरण मांगा

जनसंवाद, सीएम विंडो और एसएमजीटी पर प्राप्त शिकायतों के समाधान में लापरवाही बरतने पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार द्वारा राजस्व विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी को डिस्पलेजर नोट जारी करने के आदेश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, राजस्व विभाग के एसएमजीटी के नोडल अधिकारी से लंबित शिकायतों के निराकरण में लापरवाही के लिए यथाशीघ्र स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया है। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि मुख्यालय एवं जिला स्तर पर बड़ी संख्या में शिकायतें लंबित हैं, तथा जिला स्तर पर न तो प्रभावी निगरानी हो रही है और न ही नियमित समीक्षा।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉ. साकेत कुमार ने निर्देश दिए कि राजस्व विभाग की एक पृथक समीक्षा बैठक शीघ्र आयोजित की जाएगी, जिसमें लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

### आंदोलन तेज करेंगे फायर कर्मचारी : राजिंदर

**चंडीगढ़।** नगरपालिका कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान नरेश शास्त्री और अग्निशमन कर्मचारी यूनियन राज्य प्रधान राजिंदर सिन्द ने बताया कि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा। अधिकारी मांगों पर फैसला लेने के लिए सक्षम नहीं हैं। अब आंदोलन को तेज किया जाएगा।


## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | टर्नकी आधार पर आईई नरवाना (हरियाणा) में 2×12.5 एमवीए, 33/11 केवी इंडोर सब स्टेशन हेतु वैद्युत जमा सिविल कार्य की डिजाइन, मैनुफैक्चरिंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और प्रचालन का कार्य। | 21.05.2025 03.06.2025 | 6.25 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2567482 se.electrical@hsiidc.org.in |
| 2 | एचएसआईआईडीसी | एसआईआईडी स्कीम के तहत पुराना औद्योगिक क्षेत्र यमुनानगर में स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम और हाई मास्ट के अपग्रेडेशन का कार्य। | 23.05.2025 02.06.2025 | 64.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2567482 se.electrical@hsiidc.org.in |
| 3 | एचएसआईआईडीसी | आईएमटी रोहतक में फेज-I, II और III में पौधों / झाड़ियों की कटिंग और छंटाई और इसके पश्चात बागवानी कचरे का निपटान। | 28.05.2025 03.06.2025 | 4.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9050575109 ia.rohtak@hsiidc.org.in |
| 4 | एचएसआईआईडीसी | सेक्टर-35, फेज-VII उद्योग विहार, गुरूग्राम में प्लॉट नं. 25 से 28 के सामने सीसी रोड का निर्माण। | 19.05.2025 26.05.2025 | 11.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | (0124-2398418) (ia.gurugram@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/80/35001/I/88/6 दि. 22.05.25



## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में प्रांतीय उपमंडल सं. 4, लोनिवि भ व प शाखा करनाल के तहत स्टोन मैटल (जी-II) 53 मिमी से 22.4 मिमी का प्रावधान व बिछाना + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.05.2025 | 40.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, फतेहाबाद | पुराना चुल्ली माइनर के हैड पर गेट + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 29.05.2025 | 3.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466751554 xenwsdivisionfbd@yahoo.com |
| 3 | महानिदेशक, बागवानी, हरियाणा, पंचकूला | हरियाणा राज्य में किसानों को बागवानी मशीनरी और उपकरण की आपूर्ति के लिए निर्माताओं का पैनल तैयार करना। | 26.05.2025 09.06.2025 | 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582322 vivek.hort@hry.gov.in |
| 4 | पंचायती राज भिवानी | गांव तालु खण्ड व जिला भिवानी में अत्तर पुत्र भले राम की तरफ तालु-जटाई रोड से आईपीबी गली की पेवमेंट। | 20.05.2025 26.05.2025 | 6.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज खरखौदा | गांव पिपली में शहीद दलबीर सिंह से दादा शमाद तक ड्रेन का निर्माण + 3 कार्य। | 21.05.2025 30.05.2025 | 71.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467668228 amitsihmar12994@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/100/35012/I/88/6 दि. 22.05.25

# प्रदेश में कोरोना की दस्तक, तीन संक्रमित

■ गुरुग्राम में दो और फरीदाबाद में एक केस ■ तीनों की स्थिति सामान्य ■ चिकित्सक बोले- लोगों को घबराने की जरूरत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏩ गुरुग्राम



एशियाई देशों में कोविड-19 के नए मामले आने के बाद अब प्रदेश में भी तीन लोग संक्रमित पाए गए है। गुरुग्राम में दो लोग कोविड संक्रमित पाए गए हैं। वहीं फरीदाबाद में एक सिक्योरिटी गार्ड संक्रमित मिला है। गुरुग्राम में 28 माह बाद कोरोना की फिर से वापसी ने शहरवासियों की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि दोनों मरीजों की स्थिति सामान्य है। किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। विभाग ने शहरवासियों से अपील की है कि वे कोविड गाइडलाइन का पालन करें। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया ने जिले मे कोविड-19 ने फिर से दस्तक दी है। संक्रमितों में एक महिला है जो हाल में महाराष्ट्र से लौटकर आई है। जबकि, दूसरा संक्रमित एक बुजुर्ग है जिसका कोई यात्रा विवरण नहीं पाया गया है। दोनों मरीज होम आइसोलेशन में हैं। विभाग दोनों मरीजों पर नजर रख रहा है।सिविल सर्जन डॉ अलका सिंह के मुताबिक, दो मरीजों में कोविड-19 की पहचान की गई है। दोनों की हालात स्वस्थ है। उन्हें विभाग की निगरानी में रखा गया है। दोनों मरीजों में एक महिला जबकि दूसरा 70 साल का बुजुर्ग है। उन्होंने लोगों को कोविड गाइडलाइन का पालन करने की अपील की है। मरीजों में कोविड का कौन सा वेरिएंट है इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल दोनों मरीजों में कोविड-19 का कौन सा वेरिएंट है इसके बारे में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पुष्टि नहीं कर रहे हैं। मरीजों के सैंपल जांच के लिए लैब भेजे गए है।

■ महिला हाल में ही मुंबई से लौटी थी, बुजुर्ग की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं मिली

■ मरीजों को आइसोलेट किया, स्वास्थ्य विभाग रख रहा नजर

वैरियंट की पहचान करने में जुटे चिकित्सक
■
लोग कोविड गाइडलाइन का पालन करें

## शहर में 2024 में मिला था संक्रमण का आखिरी मामला

जिले में 2024 में आखिरी केस आया था। उस दौरान जिले संक्रमण दर महज 1.19 से पर आ गई है। उस दौरान तत्कालीन सीएमओ डॉ वीरेंद्र यादव ने लोगों विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया था कि मरीजों की कोविड गाइडलाइन का पालन करने को कहा था।

**एशियाई देशे में बढ़ा संक्रमण** : स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मानें तो एशियाई देशों सहित भारत में भी कोरोना की वापसी हुई है। हालांकि भारत में स्थिति को नियंत्रण में बताया जा रहा है। बताया गया है कि थाईलैंड, सिंगापुर, हांगकांग व चीन में भी पिछले कुछ महीनों में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

## जिनोम सिक्वेंसिंग करवा रहा स्वास्थ्य विभाग

**फरीदाबाद**। फरीदाबाद जिले में कोरोना के एक मामले की पुष्टि की गई है। मामला सामने आने के बाद विभाग की टीम सक्रिय हो गई है। सेहतपुर पल्ला क्षेत्र निवासी 28 वर्षीय युवक एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड हैं। पिछले कई दिनों से वह बुखार, खांसी और जुकाम से परेशान थे। इस कारण वह सफदरजंग अस्पताल इलाज के लिए गए थे। वहां कोरोना का टेस्ट किया गया तो संक्रमण की पुष्टि की गई। साथ ही इसकी जानकारी जिला मलेरिया अधिकारी डा. रामभगत को दी गई। मामला सामने आने के बाद विभाग की टीम सेहतपुर युवक के घर पहुंची और सभी परिजन की भी जांच की गई है।डा. राम भगत ने संक्रमित के परिजन को कोविड प्रोटोकाल पालन करने के लिए कहा है। अब संक्रमित का जिनोम सिक्वेंसिंग भी कराया जाएगा। इस जांच से वैरिएंट का पता चल पाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने सफदरजंग अस्पताल प्रबंधन को पत्र लिखकर संक्रमित के गले की लार के नमूने उपलब्ध कराने के लिए कहा है। डा. रामभगत ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद वैरिएंट की भी पुष्टि हो जाएगी। फिलहाल व्यक्ति और पूरा परिवार स्वस्थ है। स्वास्थ्य विभाग उनपर नजर रख रहा है।

■ फरीदाबाद में संक्रमित मिला युवक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड

■ कई दिन से खांसी, जुकाम व बुखार से पीड़ित था

## जींद में दस बेड का स्पेशल वार्ड तैयार

**जींद**। देश में सामने आ रहे कोरोना के मामलों को देखते हुए जींद स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड में आ गया है। स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक ने वीसी के माध्यम से स्वास्थ्य अधिकारियों को नागरिक अस्पताल में कोरोना वायरस को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिसमें पीड़ितों के लिए अलग से स्पेशल वार्ड व नोडल अधिकारी नियुक्त करने के आदेश दिए हैं। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुरानी बिल्डिंग के प्रथम तल पर स्थित मेडिकल वार्ड के प्रथम कक्ष में कोविड मरीजों के लिए दस बैड आरक्षित कर दिए गए हैं। इसके अलावा चिकित्सा अधिकारी (फिजिशियन) डा. गौरव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।गौरतलब है कि कोरोना वायरस फिर वापसी करता हुआ नजर आ रहा है। महाराष्ट्र और केरल में कोरोना वायरस के मामले सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग ने भी अहतियात बरतनी शुरू कर दी है। स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है।

# ट्रैक्टर चालक ने दसवीं और सातवीं के छात्रों को कुचला

## दोनों किशोर रिश्ते में चचेरे भाई थे

हरिभूमि न्यूज ⏩ कैथल

■ दोनों बाइक पर घर जा रहे थे, रास्ते ने ट्रैक्टर ने टक्कर मारी

■ पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज किया

गांव मागोमाजरी के निकट बुधवार देर सायं करीब 8 बजे ट्रेक्टर-ट्राली द्वारा कुचले जाने से दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। पुलिस ने वीरवार को पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौप दिया। इस संबंध में मृतक कृष के पिता सोनू ने पुलिस को शिकायत दी है। सोनू ने सदर थाने में दी शिकायत में बताया कि वह गांव मानस स्थित ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। उसका परिवार कैथल के बलराज नगर में रहता है। बुधवार को भी वह भट्ठे पर मजदूरी करने आया था।

### ट्राली ऊपर से निकली

दोपहर को उसका 15 वर्षीय बेटा कृष व भतीजा 17 वर्षीय सागर उससे मिलने भट्ठे पर आए थे।जब शाम को वे दोनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे और गांव मानस में पैट्रोल पंप के पास पहुंचे तो एक ट्रैक्टर-ट्राली ड्राइवर न उन्हें साइड से टक्कर मार दी। इससे वे दोनों सड़क पर गिर गए और ट्राली उनके ऊपर से निकल गई। इस हादसे में दोनों की मौत हो गई। सूचना पाकर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और उनको इस बारे में सूचना दी। सदर थाना एसएचओ मुकेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस की टीम में मौके पर पहुंच गई थी। दोनों के शवों का पोस्टमॉर्टम करवाया गया है। पुलिस ने ट्रैक्टर ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। कृष के पिता सोनू ने बताया कि दोनों बच्चों के परिवार मजदूरी करते हैं। कृष के परिवार में माता-पिता के अलावा उसका एक भाई और एक बहन है। इसी प्रकार सागर के भी माता-पिता, भाई और बहन हैं। दोनों बलराज नगर में ही एक स्कूल में पढ़ाई करते थे। सागर 10वीं व कृष सातवीं कक्षा में पढ़ता था।

# 1962, 1965 और 1971 का युद्ध लड़ने वाले वीर शीशुपाल नहीं रहे



**मंडी अटेली**। अटेली क्षेत्र के गांव राजपुरा गांव के पूर्व सैनिक शीशुपाल सिंह यादव का वीरवार को निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। शीशुपाल सिंह ने देश के लिए तीन युद्ध लड़े हैं। वह सन 1957 में 13 कुमाऊं रेजिमेंट में भर्ती हुए थे। 1962 में चीन के साथ रेजांगला में हुई भीषण लड़ाई में वह हैडक्वार्टर से हथियार सप्लाई करते थे। इसके बाद 1965 और 1971 की लड़ाइयों में भी उन्होंने भाग लिया। सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद वे गांव के सरपंच बने और गांव की सेवा की। उनके दो बेटे हैं। दोनों सेना से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। बड़ा बेटा कंवर सिंह और छोटा बेटा अजय यादव सेना में कमांडो रह चुके हैं।

## भीषण गर्मी की चपेट में आया युवक, मौत

**रेवाड़ी**। गत बुधवार को गढ़ी बोलनी के पास भारी गर्मी की चपेट में आकर राजस्थान के एक युवक की मौत हो गई। उसका शव बोलनी से कुछ दूर सड़क किनारे पेड़ के नीचे पड़ा मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। राजस्थान के रामपुर निवासी 29 वर्षीय कृष्ण कुमार किसी काम से घर से बाइक लेकर आया था। इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। दूसरी ओर ग्रामीणों ने बोलनी-मुकुंदपुर बसई रोड पर खेत में एक पेड़ के नीचे शव दिखाई देने के बाद कसोला पुलिस को सूचित किया। मृतक की बाइक शव से कुछ दूरी पर खड़ी हुई थी। पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की जेब से मिले कागजात के आधार पर शव की शिनाख्त हो गई। सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन भी आ गए। जांच अधिकारी गुलाब सिंह ने बताया कि युवक की मौत भारी गर्मी में पानी नहीं मिलने से होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

## महिला अधिवक्ता का थाने में हंगामा, केस


**गुरुग्राम**। सेक्टर-50 थाना में एक महिला अधिवक्ता ने बवाल काटते हुए एक महिला के साथ मारपीट की। यही नहीं अधिवक्ता ने बीच बचाव करने के लिए आई महिला हवलदार के साथ भी अभद्रता करते हुए हाथापाई की और थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों को देख लेने की धमकी भी दी। महिला हवलदार की शिकायत पर सेक्टर-50 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने महिला वकील को गिरफ्तार कर शामिल जांच करने के बाद जमानत पर छोड़ दिया। दरअसल, सेक्टर-51 स्थित महिला थाने में एक दंपत्ति के बीच दहेज को लेकर मामला चल रहा है। महिला थाने में दोनों पक्षों की काउसलिंग के बाद थाने के बाहर दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। महिला के पति के साथ अधिवक्ता थाने में आई थी। झगड़ा होने पर महिला थाने से सेक्टर-50 थाना पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पहुंची एक महिला पुलिसकर्मी के साथ हाथापाई की गई। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है।

# फतेहाबाद में फसल नष्ट करने से आहत किसान नहर में कूदा

**फतेहाबाद**। कुछ लोगों द्वारा फसल खराब करने से परेशान होकर एक किसान ने नहर में कूदकर जान दे दी। इस मामले में कार्रवाई करते हुए जाखल पुलिस ने गुरूवार को एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान बलदेव सिंह पुत्र कपूर सिंह निवासी कुलरिया, जिला मानसा, पंजाब के रूप में हुई है। थाना जाखल प्रभारी एसआई कुलदीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 19 मार्च को पंजाब के मानसा जिले के गांव कुलरियां निवासी महिला गुरमेल कौर की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसका लडक़ा जसप्रीत खुद खेती करता था और अब गेहूं की बिजाई की हुई थी। गत दिवस बलदेव सिंह, अमरीक, बिकर सिंह, लखविन्द्र सिंह निवासी कुलरियां ने उनके तीन किले गेहूं के खेत में अपने ट्यूब्वैल से पानी भर दिया जिस कारण उनकी गेहूं की फसल खराब हो गई थी। इस पर जसप्रीत सिंह ने कुलरियां पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज करवाई थी। इस पर चौकी में बलदेव सिंह, अमरीक सिंह, बीकर सिंह व लखविन्द्र सिंह ने नुकसान का हर्जाना देने की बात कही। इसके बाद सभी लोग उसके घर आ गए और कहा कि वह कहीं भी शिकायत कर लें, वह उसके नुकसान की भरपाई नहीं करेंगे बल्कि बाकी खेत में भी पानी भरकर उसकी फसल खराब कर देंगे।

# एचएयू के दलहन अनुभाग को मिला सवश्रेष्ठ केंद्र का राष्ट्रीय पुरस्कार

**हिसार**। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के तहत अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना द्वारा मूंग अनुसंधान में उत्कृष्ट कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ केन्द्र पुरस्कार प्रदान किया गया है। कुलपति प्रो बीआर काम्बोज ने दलहन अनुभाग के वैज्ञानिकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार मूंग की उच्च गुणवत्ता युक्त फसलों का उत्पादन देने वाली किस्मों और तकनीकों के विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है। विश्वविद्यालय के दलहन अनुभाग द्वारा अब तक उच्च गुणवत्ता वाली मूंग की नौ किस्में विकसित की गई हैं। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से यह पुरस्कार दलहन अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश यादव द्वारा प्राप्त किया गया। अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की वार्षिक बैठक जो एसकेएनएयू, आरएआरआई, दुर्गापुर-जयपुर में आयोजित की गई, जिसमें हकृवि को मूंग अनुसंधान के सर्वश्रेष्ठ केन्द्र पुरस्कार से नवाजा गया। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि दलहन अनुभाग द्वारा गत पांच वर्षों के दौरान मूंग की विभिन्न तीन किस्में एमएच 1142, एमएच 1762 तथा एमएच 1772 विकसित की गई हैं।








# अंडर-19 टीम का ऐलान : म्हात्रे को इंग्लैंड दौरे की कमान, सूर्यवंशी का दिखेगा तूफान

## 24 जून से शुरू होगा दौरा, पांच वनडे मैच खेलेंगी टीमें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुंबई के आयुष म्हात्रे को गुरुवार को अगले महीने इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया जबकि 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में जगह मिली है। 24 जून से शुरू होने वाले इस दौरे में 50 ओवर का अभ्यास मैच, उसके बाद पांच मैच की युवा वनडे श्रृंखला और इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ दो 'मल्टी-डे' मैच शामिल होंगे।



### म्हात्रे के नाम 962 रन

17 वर्षीय म्हात्रे ने नौ प्रथम श्रेणी मैच और सात लिस्ट ए मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 962 रन बनाए हैं। सलामी बल्लेबाज ने इस सत्र के बीच में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की जगह ली थी जो कोहनी की चोट के कारण बाहर हो गए थे।मुंबई के विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू को म्हात्रे की जगह उप कप्तान बनाया गया है।

### आईपीएल में मचाया कोहराम





वैभव सूर्यवंशी का चयन राजस्थान रॉयल्स के साथ आईपीएल के शानदार सत्र के बाद हुआ है।बिहार के समस्तीपुर के इस युवा खिलाड़ी ने आईपीएल शतक बनाने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनकर पूरे देश का दिल जीत लिया था और पिछले महीने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंद में बनाया गया उनका शतक भी लीग का दूसरा सबसे तेज शतक था। उन्होंने बिहार के लिए पांच प्रथम श्रेणी मैच और छह लिस्ट ए मैच खेले हैं लेकिन उनमें से किसी भी मैच में शतक नहीं लगाया है। सूर्यवंशी ने पिछले साल चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ पहले युवा टेस्ट में शतक बनाया था।

### एनान ने टेस्ट में झटके 16 विकेट

एक और दिलचस्प चयन केरल के लेग स्पिनर मोहम्मद एनान का है जिन्होंने पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। एनान ने ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ दो युवा टेस्ट में 16 विकेट लिए और उस श्रृंखला में शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। पंजाब के ऑफ स्पिनर अनमोलजीत सिंह को भी टीम में जगह मिली है।

### भारतीय अंडर-19 टीम

आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (उप-कप्तान और विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आर एस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, हेनिल पटेल, युधाजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद एनान, आदित्य राणा, अनमोलजीत सिंह। स्टैंडबाय खिलाड़ी: नमन पुष्पक, डी दीपेश, वेदांत त्रिवेदी, विकल्प तिवारी, अलंकृत रापोल (विकेटकीपर)।

खास खबर

# श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में, प्रणय हारे



**कुआलालंपुर।** भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने गुरुवार को यहां मलेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर के मैच में आयरलैंड के एनहाट गुयेन को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन एच एस प्रणय सीधे गेम में हारकर बाहर हो गए। श्रीकांत ने दुनिया के 33वें नंबर के खिलाड़ी गुयेन के खिलाफ 59 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 21-17 से जीत हासिल की। श्रीकांत अंतिम आठ मुकाबले में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से भिड़ेंगे। प्रणय को पुरुष एकल प्री क्वार्टरफाइनल में जापान के युशी टनाका से 9-21, 18-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दिन में अन्य प्री क्वार्टर फाइनल मैच में भारतीयों में आयुष शेट्टी और सतीश करुणाकरण भी हार गए। पोपोव ने दूसरे दौर के मैच में शेट्टी को 21-13, 21-17 से हराकर बाहर कर दिया। वहीं करुणाकरण को उन्हें टोमा के भाई और युगल जोड़ीदार क्रिस्टो पोपोव से 14-21, 16-21 से पराजय मिली।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 13 | 9 | 4 | 18 |
| बेंगलुरु | 12 | 8 | 3 | 17 |
| पंजाब | 12 | 8 | 3 | 17 |
| मुंबई | 13 | 8 | 5 | 16 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 6 | 13 |
| कोलकाता | 13 | 5 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 |
| हैदराबाद | 12 | 4 | 7 | 9 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 13 | 3 | 10 | 6 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
617 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
21 विकेट
गुजरात

## खबर संक्षेप



### दिल्ली के मुकेश पर लगा 10 प्रतिशत का जुर्माना

**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पर यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली हार के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। मुकेश को अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत लेवल एक के उल्लघंन के लिए एक डिमेरिट अंक भी दिया गया जो 'मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, मैदानी उपकरण या 'फिक्स्चर और फिटिंग' के दुरुपयोग' से संबंधित है। दिल्ली कैपिटल्स बुधवार को यहां मुंबई इंडियंस से 59 रन से हारकर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई।

### मूसा ने जारी की 29 खिलाड़ियों की सूची

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-23 पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच नौशाद मूसा ने गुरुवार को अगले महीने ताजिकिस्तान के दुशांबे में होने वाले मैत्रीपूर्ण मैचों के लिए 29 सदस्यीय संभावित टीम की घोषणा की। भारत अंडर-23 टीम 18 जून और 21 जून को क्रमशः दो मैचों में ताजिकिस्तान अंडर-23 और किर्गिज गणराज्य अंडर-23 टीमों का सामना करेगी जो सीनियर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की दीर्घकालिक योजना का हिस्सा है। टीम का शिविर कोलकाता में एक जून से शुरू होगा और टीम 16 जून को दुशांबे के लिए रवाना होगी।



### रजत-साल्ट को फिट होने का मिला मौका

**लखनऊ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा है कि लंबे ब्रेक से उनकी टीम की लय नहीं बिगड़ी है बल्कि इससे कप्तान रजत पाटीदार समेत कुछ खिलाड़ियों को प्लेआफ से पहले फिट होने का मौका मिला है। पाटीदार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ घरेलू मैच के दौरान ऊंगली में चोट लगी थी। फ्लावर ने कहा, 'हम ब्रेक को लेकर चिंतित नहीं हैं। पूरे सत्र में टीम ने काफी मेहनत की है और अब तक शानदार खेल दिखाया है। इस ब्रेक से कुछ खिलाड़ियों को फिट होने का मौका मिल गया।'




## पूरन की फिफ्टी, विलियम ओरुर्के को तीन विकेट

# मिचेल का शतक, सुपर जाइंट्स ने गुजरात टाइटंस को 33 रन से हराया

भाषा ▶▶| अहमदाबाद

सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श के पहले आईपीएल शतक और निकोलस पूरन के साथ उनकी शतकीय साझेदारी से लखनऊ सुपर जाइंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यहां गुजरात टाइटंस को 33 रन से हरा दिया। मार्श ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलते हुए 64 गेंद में आठ छक्कों और 10 चौकों से 117 रन बनाने के अलावा पूरन (नाबाद 56 रन, 27 गेंद, पांच छक्के, चार चौके) के साथ दूसरे विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी की जिससे सुपर जाइंट्स ने दो विकेट पर 235 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। मार्श ने एडेन मार्करम (36) के साथ पहले विकेट के लिए 91 रन जोड़कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके जवाब में टाइटंस की टीम विल ओरोर्के (27 रन पर तीन विकेट), आयुष बडोनी (चार रन पर दो विकेट) और आवेश खान (51 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के




सामने शाहरूख खान (57 रन, 29 गेंद, पांच चौके, तीन छक्के) और शेरफेन रदरफोर्ड (38 रन, 22 गेंद, एक चौका, तीन छक्के) के बीच चौथे विकेट की 40 गेंद में 86 रन की साझेदारी के बावजूद नौ विकेट पर 202 रन ही बना सकी। सुपर जाइंट्स की टीम पहले ही प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है जबकि टाइटंस की टीम प्ले ऑफ में जगह सुनिश्चित कर चुकी है और इस मैच में हार के बावजूद 13 मैच में 18 अंक के साथ शीर्ष पर है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अटूट दोहरी शतकीय साझेदारी करके गुजरात को 10 विकेट की जीत के साथ प्ले ऑफ में पहुंचाने वाले कप्तान गिल (35) और सुदर्शन (21) ने एक बार फिर टीम को तेज शुरुआत दिलाते हुए चार ओवर में 42 रन जोड़े। ओरोर्के ने सुदर्शन को मिड ऑफ पर मार्करम के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। जोस बटलर ने छठे ओवर में आवेश पर दो चौकों और दो छक्के से 21 रन बटोरे। टाइटंस ने पावर प्ले में एक विकेट पर 67 रन बनाए। आवेश ने अगले ओवर में गिल को अब्दुल समद के हाथों कैच कराके टाइटंस को दूसरा झटका दिया।

### बेंगलुरु जीतने पर बनाएगा रिकार्ड, नौ साल से शीर्ष दो का इंतजार, मैच आज



**लखनऊ।** पहले ही प्लेऑफ में जगह बना चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का लक्ष्य शुक्रवार को आईपीएल मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत हासिल कर नौ साल में पहली बार लीग चरण में शीर्ष दो में जगह बनाने का होगा। आरसीबी 2016 सत्र में उप विजेता रही थी लेकिन इसके बाद से शीर्ष दो में नहीं पहुंची है। अभी टीम 12 मैच में 17 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और अपने बचे हुए दो मैचों में जीत शीर्ष दो स्थान को सुरक्षित कर सकती है। शुक्रवार का मैच मूल रूप से बेंगलुरु की टीम का घरेलू मैच था लेकिन मानसून की शुरुआत के कारण इसे स्थानांतरित कर दिया गया। भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के कारण लीग के हुए व्यवधान से पहले आरसीबी शानदार फॉर्म में थी और टीम ने लगातार चार जीत हासिल की थी। लेकिन लीग के फिर शुरू होने के बाद पहले मैच के बारिश से धुलने के कारण उसकी लय में बाधा आ गई। 20 दिन के ब्रेक के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम अपनी लय और प्रतिस्पर्धी बढ़त बरकरार रख पाती है या नहीं। आईपीएल खिताब जीतने की दौड़ में शामिल आरसीबी ने हाल के दिनों में अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

### सही सलामी जोड़ी नहीं खोज पाई कैपिटल्स

**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स शानदार शुरुआत के बावजूद इंडियन प्रीमियर लीग नॉकआउट चरण में आगे नहीं बढ़ पाई और मुख्य कोच हेमंग बदानी का कहना है कि पूरे सत्र में सलामी जोड़ी नहीं ढूंढ पाना ही टीम की विफलता का एक कारण रहा। दिल्ली कैपिटल्स बुधवार को मुंबई से 59 रन से हारकर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई जो पिछले 7 मैच में उनकी 5वीं हार भी थी। दिल्ली ने 13 मैच में सात सलामी जोड़ी को आजमाया लेकिन कोई खास सफलता नहीं मिली और अब टीम शनिवार को अपने आखिरी मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

### प्लेऑफ के लिए बेथेल की जगह लेंगे सिफर्ट

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुरुवार को इंग्लैंड के बल्लेबाज जैकब बेथेल की जगह न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट को शामिल किया है क्योंकि वह राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण आईपीएल प्लेऑफ के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि यह बदलाव 24 मई से प्रभावी होगा।न्यूजीलैंड के लिए 66 टी20 मैचों में 1540 रन बनाने वाले सिफर्ट ने इससे पहले आईपीएल में केवल तीन मैच खेले हैं और आखिरी बार 2022 में टूर्नामेंट में शामिल हुए थे।

### थाईलैंड ओपन में 19 मुक्केबाज देंगे चुनौती



**नई दिल्ली।** भारत की 19 सदस्यीय मुक्केबाजी टीम 24 मई से एक जून तक बैंकॉक में होने वाले चौथे थाईलैंड ओपन अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। एशियाई मुक्केबाजी के अंतर्गत आयोजित थाईलैंड ओपन में पूरे महाद्वीप की शीर्ष राष्ट्रीय टीमें भाग लेंगी जिसमें चीन, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, जापान, कोरिया और मेजबान देश थाईलैंड जैसी मजबूत टीमें शामिल हैं। टीम में 10 पुरुष और नौ महिलाएं शामिल हैं। अंतरिम समिति द्वारा संचालित भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने अपने चयन मानदंड के अनुसार इस साल की पुरुष और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के रजत पदक विजेताओं को मौका प्रदान किया।

#### भारतीय टीम

**पुरुष :** नाओथोई सिंह कोंगखम (47-50 किग्रा), पवन बर्त्वाल (50-55 किग्रा), निखिल (55-60 किग्रा), अमित कुमार (60-65 किग्रा), हेमंत यादव (65-70 किग्रा), दीपक (70-75 किग्रा), ध्रुव सिंह (75-80 किग्रा), जुगनू (80-85 किग्रा), नमन तंवर (85-90 किग्रा), और अंशुल गिल (90 किग्रा+)।

**महिला :** यासिका राय (45-48 किग्रा), तमन्ना (48-51 किग्रा), आभा सिंह (51-54 किग्रा), प्रिया (54-57 किग्रा), संजू (57-60 किग्रा), सनेह (65-70 किग्रा), अंजलि (70-75 किग्रा), लालफाकमावी राल्टे (75-80 किग्रा), और किरण (80 किग्रा+)।

हॉकी प्रो लीग

## यूरोपीय चरण के लिए भारतीय टीम की घोषणा, 7 को पहला मैच



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने गुरुवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम की घोषणा की जो सात जून से नीदरलैंड के एम्स्टेलवीन और बेल्जियम के एंटवर्प में खेली जाएगी। भारतीय टीम अपने यूरोपीय चरण की शुरुआत सात और नौ जून को नीदरलैंड के खिलाफ दो दो मैचों के साथ करेगी। इसके बाद 11 और 12 जून को एम्स्टेलवीन में अर्जेंटीना के खिलाफ 'डबल हेडर' खेला जाएगा। फिर टीम 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए एंटवर्प की यात्रा करेगी और 21 और 22 जून को मेजबान बेल्जियम के खिलाफ मैच के बाद अपना अभियान समाप्त करेगी। भारत ने इस साल के शुरू में भुवनेश्वर में प्रो लीग का घरेलू चरण खेला था जिसमें टीम ने आठ मैच में पांच जीत के साथ 15 अंक हासिल किए और अब अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है।

मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, 'हम इस बार टीम में थोड़ा और अनुभव चाहते थे और मैं टीम चयन से बहुत खुश हूं। टीम अच्छी तरह से ट्रेनिंग कर रही है और हम जितना संभव हो सके उतना प्रयास करने और प्रो लीग जीतने की कोशिश कर रहे हैं। विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन दांव पर है इसलिए हम खुद को इसके लिए अच्छी स्थिति में लाने के लिए अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने का प्रयास करना चाहते हैं।'

#### ऐसी है भारतीय टीम

**गोलकीपर :** कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा।
**डिफेंडर :** सुमित, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, संजय और यशदीप सिवाच
**मिडफील्डर:** राज कुमार पाल, नीलकांत शर्मा, हार्दिक सिंह, राजिंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह
**फॉरवर्ड:** गुरजंत सिंह, अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह।



### बेरेटिनी चोट के कारण फ्रेंच ओपन से हटे


**पेरिस।** इटली के टेनिस खिलाड़ी माटियो बेरेटिनी ने चोट के कारण फ्रेंच ओपन से हटने का फैसला किया है और आयोजकों ने गुरुवार को कहा कि मुख्य ड्रॉ में उनकी जगह किसी 'लकी लूजर' को शामिल किया जाएगा। रोलां गैरां में रविवार से क्ले कोर्ट ग्रैंडस्लैम शुरू होगा। पिछले हफ्ते इटैलियन ओपन के तीसरे दौर में कैस्पर रूड के खिलाफ 28वीं रैंकिंग के बेरेटिनी 'रिटायर' हो गए थे। पेट की चोट के कारण वह दो हफ्ते पहले मैड्रिड में जैक ड्रेपर के खिलाफ तीसरे दौर के मैच से हट गए थे। बेरेटिनी 2021 में विम्बलडन में उप विजेता रहे थे लेकिन इसके बाद से वह चोटों से जूझते रहे हैं।

खिताबी मुकाबले में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराया

## टोटेनहम ने जीता यूरोपा लीग खिताब, 17 साल का सूखा खत्म

एजेंसी ▶▶| बिलबाओ

टोटेनहम ने बुधवार रात को मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराकर यूरोपा लीग फाइनल जीता और चार दशक से अधिक समय में अपनी पहली यूरोपीय ट्रॉफी हासिल की। इस तरह टोटेनहम का खिताब का सूखा आखिरकार खत्म हो गया। 2008 में इंग्लिश लीग कप जीतने के बाद टोटेनहम का पहला बड़ा खिताब है और 1984 में अपना दूसरा यूएफा कप जीतने के बाद यूरोपीय लीग में पहली जीत है।



टोटेनहम के लिए ब्रेनन जॉनसन ने पहले हाफ के अंत में विजयी गोल दागकर जीत सुनिश्चित की।जॉनसन ने कहा, 'इस क्लब ने 17 साल से कोई ट्रॉफी नहीं जीती है। यह ट्रॉफी बहुत मायने रखती है। टोटेनहम एक अच्छी टीम है, लेकिन कभी भी जीत नहीं पाती। हमने जीत हासिल की।' इस खिताब से टीम को अगले सत्र की चैंपियंस लीग में जगह मिलने की गारंटी मिली। टोटेनहम ने यूरोपा लीग में अपना अभियान 10 जीत, तीन ड्रॉ और दो हार से खत्म किया।

### पोलैंड में आज होगी ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता

# नीरज आज फिर वेबर के लिए बनेंगे चुनौती

एजेंसी ▶▶| चोरजोव

पिछले हफ्ते दोहा में 90 मीटर का थ्रो फेंकने वाले दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा शुक्रवार को यहां ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में फिर इससे बड़ा थ्रो फेंकने की कोशिश करेंगे।

चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर दूर तक भाला फेंका लेकिन उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा क्योंकि जर्मनी के जूलियन वेबर ने अपने अंतिम प्रयास में 91.06 मीटर की दूरी से भारतीय एथलीट को पछाड़ दिया।




2022 यूरोपीय चैंपियन और 2024 में रजत पदक विजेता वेबर ग्रेनाडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 93.07 मीटर) के साथ पोलैंड में होंगे। ग्रेनाडा दोहा में 84 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। पोलैंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी मार्सिन क्रुकोव्स्की (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.55 मीटर) के साथ हमवतन साइप्रियन मिर्जग्लोड (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.97 मीटर), डेविड वेगनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 82.21 मीटर), मोल्दोवा के एंड्रियन मार्डारे (86.66 मीटर) और यूक्रेन के आर्टूर फेलनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.32 मीटर) आठ पुरुष खिलाड़ियों में शामिल हैं। चोपड़ा 2018 में 88 मीटर पार करने के बाद से 90 मीटर का थ्रो लगाने की कोशिश में जुट रहे। वह इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि आखिरकार उनके कंधों से बोझ उतर गया है, उन्होंने स्पष्ट किया कि 'यह तो बस शुरुआत थी' और वह आने वाले लंबे सत्र में और अधिक दूर भाला फेंकने की कोशिश करेंगे।

### और अधिक 90 मीटर थ्रो पर ध्यान

सबसे लंबे थ्रो का विश्व रिकॉर्ड रखने वाले महान एथलीट जान जेलेजनी से ट्रेनिंग लेने के बाद वह और भी अधिक आश्वस्त हैं। चोपड़ा ने दोहा में कहा था, 'मैं और मेरे कोच अब भी मेरे थ्रो के कुछ पहलुओं पर काम कर रहे हैं। मैं अब भी चीजें सीख रहा हूं। हमने इस साल फरवरी में ही साथ मिलकर काम करना शुरू किया है। इसलिए मुझे विश्वास है कि मैं इस साल विश्व चैंपियनशिप तक आने वाले टूर्नामेंट में और अधिक 90 मीटर थ्रो कर सकता हूं।' पोलैंड में होने वाली यह प्रतियोगिता चोपड़ा के लिए इस सत्र की तीसरी प्रतियोगिता होगी।

## चिंतन

# अमेरिका की पाकपरस्त नीति से सतर्क रहना होगा

अमेरिका और पाकिस्तान की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है। दोनों भले ही रिश्तों में तल्खी का दिखावा करें, लेकिन जब भी पाकिस्तान को मदद की जरूरत होती है, अमेरिका वहां मौजूद होता है और इसके लिए वो पाकिस्तान से पूरी कीमत भी वसूलता है। इसे पाकिस्तान की मजबूरी कहें या कुछ और, वह भी अमेरिका को कीमत अदा करने के लिए तैयार रहता है, चाहे बात अफगानिस्तान में अमेरिकी हमले का समर्थन करने की हो या फिर भारत के खिलाफ भूराजनीतिक दबाव की राजनीति खेलने की, अमेरिका हमेशा से पाकिस्तान का मददगार रहा है। यहां तक कि आतंकवाद पर भी वो अनेक मौकों पर पाक के समर्थन में खड़ा दिखाई दिया है। उसके खुद के सीने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर आतंकी जख्म लगने के बाद एक बारगी अमेरिका ने आतंक पर कड़ा रुख जरूर अपनाया। यहां तक कि वर्ल्ड ट्रेंड सेंटर पर हमले का साजिशकर्ता लादेन पाकिस्तान में ही पाया गया। इसके बावजूद अमेरिका का पाक प्रेम कम नहीं हुआ। दिखावे के लिए तो अमेरिकी ने आतंकवादियों को पोषण दिए जाने को लेकर पाकिस्तान की सार्वजनिक रूप से कई बार आलोचना की। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने बार-बार पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसियों, विशेष रूप से आईएसआई, तालिबान और लश्कर-ए-तैयबा के बीच संबंधों को उजागर किया, लेकिन इसके बावजूद अमेरिका पाकिस्तान को एक रणनीतिक साझेदार बताता रहा। अमेरिका की पाक को लेकर नीति हमेशा से भारत विरोधी रही है। कौन नहीं जानता कि अमेरिका ने 1971 के युद्ध में पाकिस्तान का साथ दिया था। हथियार और पैसा दोनों से मदद की। युद्ध के दूसरे ही दिन भारत के हमले से हिले पाकिस्तान के राष्ट्रपति याह्या खान ने अमेरिकी राष्ट्रपति भवन को एक आपात संदेश भेजकर मदद मांगी थी। इसके बाद अमेरिका ने अपने सातवें बेड़े को बंगाल की खाड़ी भेजने का फैसला किया था। अमेरिका के सातवें बेड़े का मुकाबला करने के लिए तत्कालीन सोवियत संघ ने अपना एक बेड़ा भारत के समर्थन में उतार दिया था। यह बेड़ा अमेरिकी बेड़े की किसी भी कार्रवाई का जवाब देने के लिए तत्पर था, लेकिन इसकी नौबत नहीं आई। पाकिस्तानी सेना के आत्मसमर्पण के बाद अमेरिका का बेड़ा वापस लौट गया। इसके अलावा भी ऐसे अनेक मौके आए, जब अमेरिका पाक के समर्थन में खड़ा दिखाई दिया। ऐसा ही एक मौका तक भी आया, जब भारत ने सात मई को पाकिस्तान में स्थित आतंकियों पर हमला किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रवैया पूरी तरह से पाक परस्त दिखाई दे रहा है। वो बार-बार भारत पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता की बात करते हुए दोनों देशों के बीच हुए सीजफायर का श्रेय लेने की कोशिशों में लगे हैं। यहां तक कि ट्रंप ने कश्मीर में मध्यस्थता करने का भी ऐलान कर दिया। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पूरी सरकार कह चुकी है कि पाकिस्तान से अगर अब बात होगी तो आतंकवाद या पाक अधिकृत कश्मीर पर होगी। इसके बावजूद अमेरिका पाक का सरपरस्त बना हुआ है। असल में अमेरिका अब पाकिस्तान की विशाल खनिज संपदा का दोहन करने में रुचि दिखा रहा है। जो स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए महत्वपूर्ण है। आतंकवाद के वित्तपोषण की चिंताओं के बावजूद, अमेरिका स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए आवश्यक खनिजों के लिए पाकिस्तान को रणनीतिक साझेदार के रूप में देख रहा है। भारत को अमेरिका की इस स्वार्थ नीति से सतर्क रहना होगा।



दो टूक
राज कुमार सिंह

# जहरीली शराब के लिए व्यवस्था जिम्मेदार

> आईपीएस अधिकारी से आप विधायक बने कुंवर विजय प्रताप सिंह ने यह याद दिला कर अपनी ही पार्टी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं कि 2020 के हादसे पर मौजूदा मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। हर हादसे के बाद जांच की घोषणा होती है। उसकी रिपोर्ट भी आती ही होगी, पर बार-बार हादसे बताते हैं कि उन रिपोर्टों पर सख्त कार्रवाई करते हुए जरूरी सबक नहीं सीखे जाते। अब भारतीय समाज में शराब का कारोबार और उपयोग शर्म का नहीं, बल्कि शान का प्रतीक बन गया है। हादसे रोकने में नाकाम हमारी व्यवस्था अक्सर हादसे के बाद जेम्स बांड की तरह खुलासे करने लगती है।

पंजाब में अमृतसर जिले के मजीठा ब्लॉक में जहरीली शराब ने दो दर्जन से ज्यादा लोगों की जान ले ली। अब पुलिस-प्रशासन से लेकर सरकार तक पीड़ित परिवारों को सांत्वना बंधाते हुए दावा कर रहे हैं कि वे अवैध शराब के कारोबार के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध हैं। सवाल अनुत्तरित है कि उनकी प्रतिबद्धता के बावजूद जहरीली शराब का कारोबार पंजाब में चल कैसे रहा है, जिसने अब 27 गरीबों की जान ले ली? अगर संवेदना और प्रतिबद्धता, हादसे के बाद ही जागी है, तो इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि वक्त गुजरने के साथ सब कुछ पहले जैसे ही चलने लगेगा।

यह टिप्पणी शासन-प्रशासन पर कठोर लग सकती है, पर अतीत का अनुभव यही बताता है। अगस्त, 2020 में जब पूरा देश कोरोना के कहर से भयाक्रांत था, पंजाब के तरनतारन, अमृतसर और बठिंडा जिलों में जहरीली शराब पीने से 135 लोगों की मौत का सरकारी आंकड़ा है। राज्य की मौजूदा आम आदमी पार्टी सरकार कह सकती है कि तब वह सत्ता में नहीं थी, पर 2022 में उसके सत्ता में आने के बाद भी जहरीली शराब से मौतें रुकीं तो नहीं। पिछले साल ही संगरूर में अवैध शराब पीने से 20 लोगों की मौत हो गयी थी। वैसे आईपीएस अधिकारी से आप विधायक बने कुंवर विजय प्रताप सिंह ने यह याद दिला कर अपनी ही पार्टी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं कि 2020 के हादसे पर मौजूदा मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। हर हादसे के बाद जांच की घोषणा होती है। उसकी रिपोर्ट भी आती ही होगी, पर बार-बार हादसे बताते हैं कि उन रिपोर्टों पर सख्त कार्रवाई करते हुए जरूरी सबक नहीं सीखे जाते।

ऐसी ही एक एसआईटी जांच रिपोर्ट में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के लिए स्थानीय एसएचओ और डीएसपी को जिम्मेदार बनाने का सुझाव दिया गया था, पर उस पर अमल नहीं हुआ। सामान्य समझ भी बताती है कि अवैध शराब के निर्माण और बिक्री का नेटवर्क न सिर्फ पुलिस-प्रशासनिक, बल्कि राजनीतिक संरक्षण बिना भी नहीं चल सकता। पंजाब को सबसे ज्यादा बर्बाद करने वाले नशीले पदार्थों के कारोबार के लिए भी पुलिस-प्रशासन और राजनेताओं पर उंगलियां उठती रही हैं। इस मामले में राजनीति तो खूब हुई और चुनावी लाभ भी मिलता रहा, पर पंजाब को नशे के दंश से मुक्ति अभी तक नहीं मिल पायी। पंजाब सरकार द्वारा चलाये जा रहे 'एक युद्ध, नशे के विरुद्ध' अभियान की कलई भी मजीठा जहरीली शराब कांड ने खोल दी है। बेशक अंतरराष्ट्रीय समस्या बने ड्रग्स की मार हमारे यहां अभी बहुत व्यापक नहीं हुई है, लेकिन जहरीली शराब के कारोबार ने तो पूरे देश को अपने शिकंजे में ले लिया है। 2022 में संसद में एक सवाल के जवाब में खुद सरकार ने बताया था कि 2016 से 2022 के बीच देश भर में छह हजार 172 लोगों को जहरीली शराब पीने से जान गंवानी पड़ी। यह सरकारी आंकड़ा है, वास्तविक संख्या इससे ज्यादा हो सकती है।

जाहिर है, अवैध शराब, जिसमें से कुछ जहरीली साबित होती है, से मौतों का सिलसिला 2016 से पहले भी चल रहा था और 2022 के बाद भी चल रहा है,



क्योंकि उसके कारोबार को रोकने की कोई ईमानदार कोशिश तो नजर नहीं आती। हर हादसे के बाद मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने तथा मामले की जांच की घोषणा की जाती है। मीडिया और राजनीतिक गलियारों में भी कुछ दिन तक चर्चा रहती है, पर फिर सब कुछ पहले की तरह चलने लगता है, अगले हादसे तक। तब भी क्या यह समझना मुश्किल होना चाहिए कि इसके पीछे निहित स्वार्थों का एक बड़ा नेटवर्क काम करता है, जो कई बार अंतरराज्यीय भी होता है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 47 के तहत राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों में कहा गया है कि राज्य औषधीय प्रयोजनों को छोड़ कर मादक पेय पदार्थों और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक दवाओं के सेवन पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास करेगा, लेकिन ज्यादा से ज्यादा राजस्व जुटाने के चक्कर में हमारे यहां शराबखोरी को हर तरह से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

दूध और दवा की दुकान शायद आपको तलाश करनी पड़े, स्कूल के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़े, पर शराब की चमचमाती दुकानें अपने घर-दफ्तर के पास से लेकर राजमार्गों तक पर आपका ध्यान अनचाहे भी खींच लेंगी। कोरोना काल में भी राज्य सरकारें सबसे पहले शराब के ठेके खोलने को उतावली नजर आयीं। तमाम राज्य सरकारों के राजस्व में आबकारी शुल्क की बड़ी हिस्सेदारी रहती है, जिसे साल-दर-साल बढ़ाने की कवायद ही वे करती नजर आती हैं। शायद इस मुनाफाखोर मानसिकता की भी सामाजिक सोच में आये इस बदलाव में बड़ी भूमिका है कि अब भारतीय समाज में शराब का कारोबार और उपयोग शर्म का नहीं, बल्कि शान का प्रतीक बन गया है। हादसे रोकने में नाकाम हमारी व्यवस्था अक्सर हादसे के बाद जेम्स बांड की तरह खुलासे करने लगती है। सो, अब पंजाब पुलिस ने खुलासा किया है कि हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले का गांव चन्नीबेली गुड़ से बनी पारंपरिक शराब और इथाइल अल्कोहल से बनी ज्यादा खतरनाक शराब का प्रमुख उत्पादन केंद्र बन गया है। और भी चौंकाने वाला खुलासा यह है कि वहां शराब निर्माण और वितरण में महिलाओं की भागीदारी लगभग 40 प्रतिशत है।

अलग-अलग कारणों से कुछ राज्यों ने शराबबंदी का प्रयोग भी किया, पर कभी कोई राज्य यह दावा नहीं कर पाया कि वहां शराब उपलब्ध नहीं या लोग पीते नहीं। दरअसल वहां भी असरदार लोगों का शराब तस्करी और सप्लाई का नेटवर्क बन जाता है। मद्यनिषेध के सबसे बड़े पक्षधर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्मभूमि गुजरात में अरसे से शराबबंदी है, पर एक अध्ययन बताता है कि राजस्थान-मध्य प्रदेश सरीखे पड़ोसी राज्यों से लेकर गोवा तक से वहां भी हर साल 12 ये 15 हजार करोड़ रुपये की शराब विभिन्न तरीकों से तस्करी कर लायी जाती है, जिसमें से 300 से 500 करोड़ तक की शराब जब्त कर पुलिस अपने कर्तव्य की इतिश्री भी कर लेती है। हर तरह की शराब सेहत के लिए नुकसानदेह है, लेकिन जानलेवा साबित होती है अवैध शराब, जो बिना सरकारी लाइसेंस और मानकों के छोटे-बड़े पैमाने पर बनायी और बेची जाती है।

पीने वाले का नशा और बनाने वाले का मुनाफा बढ़ाने की कवायद में ही अवैध शराब जहरीली बन जाती है, क्योंकि उसमें सस्ती सामग्री इस्तेमाल की जाती है। सस्ती मिलने वाली अवैध शराब का सेवन सबसे ज्यादा गरीब मजदूर आदि करते हैं। मरने वालों में भी सबसे ज्यादा वे ही शामिल होते हैं। कई बार उनकी सही संख्या भी सामने नहीं आ पाती। शायद इसलिए भी बड़ी संख्या में मौतों के बावजूद उसका शासन-प्रशासन पर ज्यादा असर नजर नहीं आता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## व्यंग्य
जयराम शुक्ल



# कानून से ज्यादा आचरण का विषय है भ्रष्टाचार

शरद जोशी ने कोई चालीस वर्ष पहले 'हम भ्रष्टन के भ्रष्ट हमारे' व्यंग्य निबंध रचा था। तब यह व्यंग्य था, लोगों को गुदगुदाने वाला। भ्रष्टाचारियों के सीने में नश्तर की तरह चुभने वाला। अब यह व्यंग्य, व्यंग्य नहीं रहा, यथार्थ के दस्तावेज में बदल चुका है। भ्रष्टाचार की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही व्यंग्य की मौत हो गई। समाज की विद्रूपताओं की चीर-फाड़ करने के लिए व्यंग्य का जन्म हुआ था। परसाई जी ने व्यंग्य को शूद्रों की जाति में रखते हुए लिखा था व्यंग्य चरित्र से स्वीपर है। वह समाज में फैली सड़ांध में फिनाइल डालकर उसके कीटाणुओं का नाश करने का काम करता है। ये स्वीपर अब साहित्य की जाति-बिरादरी से बाहर है। इस कुजात के लिए भला अब किससे आरक्षण मांगें। जोशी-परसाई युग में सदाचार, लोकलाज व सामाजिक मर्यादा के मुकाबले विषमताओं, विद्रूपताओं और भ्रष्टाचार का आकार बेहद छोटा था। व्यंग्य उन पर प्रहार करता था। लोग सोचने- विचारने के लिए विवश होते थे। भ्रष्टाचार का स्वरूप इतना व्यापक नहीं था। व्यंग्य कब विद्रूपता के मुंह में समा गया, पता ही नहीं चला। भ्रष्टाचार की व्यापकता पर जोशी जी लिखते हैं 'सारे समंदर की मसि (स्याही) करें और सारी जमीन का कागज, फिर भी भ्रष्टाचार का भारतीय महाकाव्य अलिखित ही रहेगा। वेद पुराणों में भगवान का यह कहते हुए उल्लेख है कि 'हम भक्तन के भक्त हमारे'। जोशी जी ने भ्रष्टाचार के लिए यही भाव लिया था- हम भ्रष्टन के भ्रष्ट हमारे। आज के दौर के बारे में सोचते हुए लगता है कि हमारे अग्रज साहित्यकार कितने बड़े भविष्य वक्ता थे। भ्रष्टाचार, सचमुच भगवान की तरह सर्वव्यापी है, कण-कण में, क्षण-क्षण में। मंदिर में, धर्माचार्यों के बीच भगवान की पूजा हो न हो, भ्रष्टाचार्य जी पूरे विधि-विधान से पूजे जाते हैं। आसाराम, नित्यानंद, राम-रहीम, रामपाल, निर्मल बाबा से लेकर नगद लेकर महामंडलेश्वर की पदवी बांटने वाले धर्माचार्यों की लंबी कतार है जिन्होंने मंत्रोच्चार और पूरे कर्मकांड के साथ भ्रष्टाचार की प्राण-प्रतिष्ठा की है और हम वहां शीश नवाने पहुंचते हैं। भगवान को माता लक्ष्मी प्रिय है तो भ्रष्टाचार्य जी को भी लक्ष्मी मैया अतिप्रिय। रूप बदलने, नए-नए नवाचार और अवतार में भी भ्रष्टाचार का कोई सानी नहीं। आज के दौर में परसाई जी-शरद जोशी जी होते तो भ्रष्टाचार को लेकर और क्या नया लिखते! उनके जमाने में एक-दो भोलाराम यदाकदा मिलते जिनके जीव पेंशन की फाइलों में फड़फड़ाते। आज हर रिटायर्ड आदमी भोलाराम है, फर्क इतना कि वह परिस्थितियों से समझौता करते हुए परसेंट देने पर राजी है। परसेंट की यह कड़ी नीचे से ऊपर तक उसी तरह जाती है जैसे राजीव गांधी का सौ रुपया नीचे तक दस पैसा बनकर पहुंचता है। पिछले कुछ दिनों से भ्रष्टाचार पर भारी बहस चल रही है। भ्रष्टाचारी भी भ्रष्टाचार पर गंभीर बहस छेड़े हुए हैं। चैनलों ने इसे प्रहसन का विषय बना दिया। टीवी चैनलों में कभी-कभी बहस इतनी तल्ख हो जाती है कि मोहल्लों में औरतों के बीच होने वाले झगड़ों का दृश्य उपस्थित हो जाता है। एक कहती है..तू रांड तो दूसरी जवाब देती है तू रंडी.. एक ने कहा तुम्हारी पार्टी भ्रष्ट तो दूसरा तड़ से जवाब देता है, तुम्हारी तो महाभ्रष्ट है। टीवी शो में एक पार्टी के प्रतिभागी ने कहा, फलां जी से बस इतनी गलती हो गई कि उन्होंने आपकी वाली पार्टी में जाकर प्रशिक्षण नहीं लिया था। वे लाखों-करोड़ों गटक लेते हैं और पता भी नहीं चलता। भ्रष्टाचार अब बुद्धि विलास का विषय बन चुका है। चमड़ी इतनी मोटी हो गई कि व्यंग्य की कौन कहे, गालियां तक जज्ब हो जाती हैं। एक नया फार्मूला है खुद को ईमानदार दिखाना है तो दूसरों को जोर-जोर से बेईमान कहिए। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई भी कर्मकांडी हो गई है। भ्रष्टाचारी कौन है? यह चिमनी लेकर खोजने का विषय नहीं है। हम सबने मिलकर भ्रष्टाचार को अपने आचरण में जगह दी है। जिस दिन कोई पिता अपने बेटे को इसलिए तिरष्कृत कर देगा कि उसके भ्रष्टाचार की कमाई से बनी रोटी का एक टुकड़ा भी स्वीकार नहीं करेगा, कोई बेटा बाप की काली कमाई के साथ बाप को भी त्यागने का साहस दिखाएगा, परिवार और समाज में भ्रष्टाचार करने वालों का सार्वजनिक बहिष्कार होने लगेगा, उस दिन से ही भ्रष्टाचार की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। क्योंकि भ्रष्टाचार कानून से ज्यादा आचरण का विषय है। कत्ल करने वाले को फांसी दिए जाने का प्रावधान है लेकिन कत्ल का सिलसिला नहीं रुका है। भ्रष्टाचारियों को कानून की सजा देने मात्र से भ्रष्टाचार रुकने वाला नहीं। क्या कोई अपने घर से भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग लड़ने की शुरुआत करने को तैयार हैं?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अनासक्त हुए बिना करें दूसरों की भलाई



संकलित
**दर्शन**

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है। यह संसार चरित्र गठन की एक विशाल व्यायामशाला है। इसमें हम सभी को अभ्यास रूप में कसरत करनी पड़ती है, जिससे हम आध्यात्मिक बल से अधिकाधिक बलवान बनते रहें।

# दूसरों की भलाई करने वालों का स्थान सबसे ऊंचा



संकलित
**प्रेरणा**

कन्फ्यूशियस चीन के एक दार्शनिक थे। उनका जन्म करीब 551 ईसा वर्ष पूर्व हुआ था। कन्फ्यूशियस इतने विद्वान थे कि उनके पास कई राजा-महाराज भी मिलने पहुंचे थे। एक बार चीन के राजा ने कन्फ्यूशियस से पूछा था कि आप मुझे किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में बताएं, जिसका स्थान सबसे ऊंचा है। कन्फ्यूशियस ने राजा से कहा कि वह इंसान आप खुद ही हैं, क्योंकि आप हमेशा सत्य जानना चाहते हैं। राजा ने कहा कि आप तो मुझे मुझसे भी अच्छे व्यक्ति के बारे में बताइए। कन्फ्यूशियस ने तुरंत कहा कि आपसे अच्छा व्यक्ति तो मैं ही हूं, क्योंकि मैं भी आपकी तरह ही सत्य को जानना चाहता हूं। राजा बोला कि आपसे भी अच्छा और कौन है? इसके बाद कन्फ्यूशियस ने कहा कि मैं ऐसे एक व्यक्ति को जानता हूं, जो हम दोनों से भी महान है। चलिए, मैं आपको उससे मिलवाता हूं। कन्फ्यूशियस राजा को लेकर एक बूढ़े के पास पहुंचे। वह बूढ़ा व्यक्ति कुआं खोद रहा था। कन्फ्यूशियस ने कहा कि महाराज, ये व्यक्ति सबसे महान है, उसका स्थान हम सबसे बहुत ऊंचा है, क्योंकि ये दूसरों को पानी मिल सके, इसलिए कुआं खोद रहा है। ये दूसरों की भलाई के लिए अपनी सुख-सुविधा का भी त्याग कर देता है। इसका शरीर बूढ़ा हो गया है, लेकिन अभी भी ये दूसरों के लिए सेवा का काम कर रहा है। इसलिए इसका स्थान सबसे ऊंचा है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ट्रंप की चाल, किसानों की चिंता और सरकार की रणनीति

भारत और अमरीका के बीच चल रही द्विपक्षीय व्यापार समझौता वार्ताओं के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने यह दावा करके सबको चौंका दिया कि भारत अमरीकी सामानों पर जीरो टैरिफ लगाने के लिए तैयार है। भारत सरकार की ओर से इस प्रकार की किसी भी आधिकारिक पेशकश से इनकार किया गया है, लेकिन ट्रंप के इस बयान ने स्पष्ट कर दिया है कि वे इस मुद्दे को भारत पर दबाव बनाने के हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे भारत के किसानों, घरेलू उद्योगों और रोजगार पर पड़ने वाले संभावित असर को लेकर गंभीर चिंता उठी है। जीरो टैरिफ का सबसे बड़ा खतरा देश के किसानों के लिए है। अमरीका में कृषि उद्योग को भारी सबसिडी मिलती है, जिससे वहां अनाज और अन्य कृषि उत्पादन सस्ते में होता है। वही उत्पाद जब भारत में सस्ते में बिकेंगे तो भारतीय किसान प्रतियोगिता में टिक नहीं पाएंगे। *– महेश काले, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### उल्लेखनीय कदम



देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी के करकमलों से संपन्न हुआ। इसमें महाराष्ट्र के 15 स्टेशनों का भी समावेश है। विकास और विरासत का प्रतीक बनने वाले ये स्टेशन रेल यात्रियों की यात्रा को सुखद, सुरक्षित एवं सुविधापूर्ण बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कदम हैं।
**- देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र**

### हॉफ़ एनकाउंटर



बनारस का हॉफ़ एनकाउंटर देखकर जनता पूछ रही है कि फिल्मसिटी नोएडा में बन रही थी और शूटिंग काशी में हो रही है! ये मामला क्या है? आशा है कि मंहत जी के घर से चोरी हुआ 'पुश्तैनी धन', फुल रिटर्न कर दिया जाएगा।
**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### नया विज्ञान केंद्र



भारत-ब्रिटेन शैक्षणिक साझेदारी ने बेंगलुरु में इम्पीरियल ग्लोबल इंडिया के शुभारंभ के साथ नई ऊंचाइयों को छुआ है, जो देश में इंपीरियल कॉलेज लंदन द्वारा एक नया विज्ञान केंद्र है। मेरा मानना है कि कल के समाधान अलगाव में पैदा नहीं होंगे।
**-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी**

### संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी



संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि अगर उन्हें तत्काल सहायता नहीं मिली तो गाजा में 14,000 बच्चे मर सकते हैं। भोजन या चिकित्सा की कमी में एक भी मासूम की मौत मानवता के खिलाफ़ अपराध है।
**-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल पुरस्कार विजेता**

## करंट अफेयर

# पाक में 100 साल पुराने हिंदू मंदिर की जमीन पर कब्जा





पाकिस्तान में सिंध प्रांत के टांडो जाम कस्बे के पास जिस जमीन पर 100 साल पुराना शिव मंदिर है, उस पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है और उसके आसपास निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। हिंदू समुदाय के एक प्रतिनिधि ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान में हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन 'दरावर इत्तेहाद पाकिस्तान' के प्रमुख शिव काच्छी ने कहा, मंदिर एक सदी से अधिक पुराना है लेकिन दबंगों ने इस पर कब्जा कर लिया है और मंदिर के आसपास की भूमि पर अवैध निर्माण शुरू कर दिया है। साथ ही शिव मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग और प्रवेश को बाधित किया है।' काच्छी ने सोशल मीडिया में एक वीडियो जारी करके घटना की जानकारी दी। काच्छी ने कहा कि शिव मंदिर के कामकाज और मंदिर के आसपास लगभग चार एकड़ जमीन की देखरेख का जिम्मा एक समिति के पास था। यह स्थान कराची से लगभग 185 किलोमीटर दूर टांडो जाम कस्बे के पास मूसा खटियन गांव में है। उन्होंने कहा कि मंदिर के ऐतिहासिक महत्व के कारण सिंध विरासत विभाग की एक टीम ने पिछले वर्ष इसका जीर्णोद्धार किया था। उन्होंने बताया कि मंदिर के निकट ही समुदाय के लोगों के अंतिम संस्कार के लिए एक शमशान भी है।

## ऑफ बीट

# युवाओं की राय को बिगाड़ रहे 'सेल्फी- एडिटिंग टूल'

एबिगेल (21) अपने दूसरे दोस्तों की तरह बहुत सारी सेल्फी खींचती है, उन्हें बेहतर व सुंदर बनाने के लिए दूसरे ऐप से एडिट करती है और फिर उन्हें




सोशल मीडिया पर पोस्ट करती है। हालांकि उसका कहना है कि ये सेल्फी को एडिट करने वाले ऐप्स, जिस काम के लिए बने हैं उनसे ज्यादा काम के हैं ,जैसे- आप अपने आदर्श रूप को देखते हैं और आप चाहते हैं कि आपका ये नया रूप हकीकत बन जाएं। आप जितना अधिक इसे बेहतर करते जाएंगे, आपको उतने बेहतर परिणाण मिलने लगेंगे।" ये ऐप दिखाते हैं कि सेल्फी-एडिटिंग तकनीक युवा लोगों की शारीरिक छवि और स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती हैं। सावधानीपूर्वक करें ऑनलाइन एडिटिंग कई युवा जानते हैं कि उन्हें ऑनलाइन कैसा दिखना है, जिस वजह से वह सावधानीपूर्वक तस्वीरें एडिट करते हैं। इसका एक कारण डिजिटल नेटवर्क वाली दुनिया में मौजूदगी के भारी दबाव से निपटना है। सेल्फी-एडिटिंग तकनीकें इसे सावधानीपूर्वक तैयार करने में सक्षम बनाती हैं। सबसे लोकप्रिय सेल्फी-एडिटिंग ऐप में 'फेसट्यून', 'फेसऐप' और 'मीटू' शामिल हैं। ये ऐप लाइटिंग, रंग और फोटो एडजस्टमेंट से लेकर दाग-धब्बे हटाने जैसी 'टच अप' सुविधाएं प्रदान करते हैं।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### प्रोफेसर ने छात्रों को कहा 'आतंकी', हंगामा


**कोलकाता।** कोलकाता मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में एक विवाद ने तब तूल पकड़ लिया जब



ईएनटी विभाग के प्रोफेसर डॉ. बिजन अधिकारी पर दो इंटर्न छात्रों को आतंकी कहने का आरोप लगा। आरोप है कि यह टिप्पणी उनके पहनावे और दाढ़ी देखकर की गई। छात्रों ने लिखित शिकायत कॉलेज प्रशासन को सौंपी। अधीक्षक की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की है।

### मुंबई में 'गेमिंग' घोटाले में 2.74 करोड़ की ठगी

**ठाणे।** नवी मुंबई में साइबर जालसाजों ने 42 वर्षीय व्यवसायी को 'ऑनलाइन गेम' के मंच से



जुड़ने के लिए उकसा कर उससे 2.74 करोड़ रकी ठगी कर ली। जालसाजों ने उपहार देने का वादा करते हुए लालच दिया और दिसंबर 2022 से अप्रैल 2025 तक तथाकथित 'गेम' वेबसाइट के मंच में 3,24,84,526 रुपए जमा करवाए।

### 15 साल 'अवैध' नौकरी अब शिक्षिका बर्खास्त

**कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा में एक महिला ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर करीब 15



वर्ष तक शिक्षक के पद पर नौकरी कर ली। इस फर्जीवाड़े की जब राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो और शिक्षा विभाग के पास शिकायत पहुंची तो महिला ने वर्ष 2021 में नौकरी से त्यागपत्र दे दिया। अब विभाग ने बर्खास्त कर दिया है।

### बीकानेर-बांद्रा ट्रेन को हरी झंडी दिखाई, 26,000 करोड़ की परियोजनाएं शुरू की

# पीएम मोदी ने 100 से अधिक पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का वर्चुअली उद्घाटन किया



**11 साल में अभूतपूर्व गति से काम किया**

**एजेंसी ▶▶ बीकानेर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए आज देश में आधुनिक अवसंरचना बनाने का बहुत बड़ा महायज्ञ चल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में अवसंरचना के कामों पर पहले की तुलना में कई गुना अधिक पैसा खर्च हो रहा है। मोदी ने पलाना (देशनोक) में आयोजित एक कार्यक्रम में 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर उन्होंने कहा, "हमारे देश की सड़कें आधुनिक हों, हमारे देश के हवाई अड्डे आधुनिक हों, हमारे यहां रेल व रेलवे स्टेशन आधुनिक हों, इसके लिए पिछले 11 साल में अभूतपूर्व गति से काम किया गया है।" उन्होंने कहा, "बुनियादी ढांचे के इन कामों पर देश पहले जितना पैसा खर्च करता था आज उससे छह गुणा ज्यादा पैसा खर्च कर रहा है।'

#### विकास कार्यों से दुनिया हैरान

मोदी ने कहा कि आज भारत में हो रहे इन विकास कार्यों को देखकर दुनिया भी हैरान है। उन्होंने कहा कि आज भारत अपने ट्रेनों के नेटवर्क को भी आधुनिक कर रहा है और वंदे भारत ट्रेनें, अमृत भारत ट्रेनें, नमो भारत ट्रेनें देश की नई गति व नई प्रगति को दर्शाती हैं। इस कार्यक्रम में उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में 100 से अधिक पुनर्विकसित अमृत स्टेशन का ऑनलाइन उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि देश में करीब 70 रूट पर वंदे भारत ट्रेन चल रही हैं। उन्होंने कहा, इससे दूर-दराज के इलाकों तक आधुनिक ट्रेनें पहुंची हैं।

#### देश में आधुनिक अवसंरचना बनाने का महायज्ञ चल रहा बुनियादी ढांचे पर छह गुणा ज्यादा पैसा खर्च हो रहा




#### 34000 किमी से ज्यादा की नई पटरियां बिछाई

पीएम ने कहा, बीते 11 वर्षों में सैकड़ों रोड ओवर ब्रिज और रोड अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया है। 34000 किलोमीटर से ज्यादा की नई पटरियां बिछाई गई हैं। देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना पर काम चल रहा है।₹ मोदी ने कहा कि सरकार रेलवे स्टेशनों का भी आधुनिकीकरण कर रही है। उन्होंने कहा, इन आधुनिक रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन नाम दिया गया है। इनमें से 100 से अधिक अमृत भारत स्टेशन बनकर तैयार हो चुके हैं। लोग सोशल मीडिया पर देख रहे हैं कि इन रेलवे स्टेशन का पहले क्या हाल था और अब कैसे इनकी तस्वीर बदल गई है।

#### विकास भी, विरासत भी... मंत्र का स्टेशन पर दिख रहा नजारा

पीएम मोदी ने कहा, विकास भी, विरासत भी... इस मंत्र का इन अमृत भारत स्टेशन पर नजारा साफ साफ दिखाई देता है। ये स्थानीय कला और संस्कृति के भी प्रतीक हैं। हर अमृत स्टेशन पर आपको भारत की हजारों साल पुरानी विरासत भी देखने को मिलेगी।

#### पर्यटन को बढ़ावा देने का माध्यम

मोदी ने कहा कि ये स्टेशन हर राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने का माध्यम बनेंगे और नौजवानों को रोजगार के नए मौके देंगे। मोदी ने कहा कि सरकार अवसंरचना बनाने के लिए जो पैसा खर्च करती है उससे रोजगार व कारोबार के मौके भी बनते हैं। उन्होंने कहा, श्यह पैसा मजदूर की जेब में जा रहा है, दुकानदार को मिल रहा है। दुकान व फैक्टरी में काम करने वालों को मिल रहा है। रेत, बजरी, सीमेंट आदि की दुलाई करने वाले और ट्रक-टेम्पो चलाने वाले लोगों को भी इससे फायदा होता है। मोदी ने कहा कि जब अवसंरचना तैयार हो जाती है, तो उसके कई गुणा और फायदे होते हैं। उन्होंने कहा, किसान की कृषि उपज कम कीमत पर बाजार तक पहुंचती है और बर्बादी कम होती है। नए उद्योग लगते हैं, पर्यटन को बढ़ावा मिलता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचे पर किए जा रहे काम का बड़ा लाभ राजस्थान को भी हो रहा है।

## बहादुरी और बलिदान देने वाले जवानों को मिले गैलेंट्री अवॉर्ड्स



**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में पहले चरण के गैलेंट्री अवॉर्ड्स दिए। ये अवॉर्ड ड्यूटी के दौरान असाधारण बहादुरी, समर्पण और बलिदान देने वालों के सम्मान में दिए गए। राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में हुए समारोह में पीएम मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहे। इस दौरान मेजर आशीष ढोंचक (सेना मेडल) और द सिख लाइट इन्फैंट्री 19 राष्ट्रीय राइफल्स सिपाही प्रदीप सिंह को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान दो बार राष्ट्रपति मुर्मू डाइस से नीचे उतरकर आईं। जब शहीद जवानों की मां और पत्नियां अवॉर्ड लेने पहुंचीं। राष्ट्रपति ने उन्हें गले लगाकर सांत्वना दी। शौर्य चक्र पाने वालों में स्क्वॉड्रन लीडर दीपक कुमार, राजपूत रेजिमेंट 44वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर विजय वर्मा, डिप्टी कमांडेंट विक्रांत कुमार, सीआरपीएफ के जेफरी हमिंगचुल्लो, इंस्पेक्टर (जीडी), जम्मू और कश्मीर पुलिस के स्पेशल पुलिस ऑफिसर अब्दुल लतीफ, पैराशूट रेजिमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल सीवीएस निखिल, आर्मी सर्विस कोर के मेजर तृप्तप्रीत सिंह का नाम शामिल है।

#### इनको भी मिला सम्मान

इनके अलावा जम्मू और कश्मीर राइफल्स 5वीं बटालियन के सूबेदार संजीव सिंह जसरोटिया, लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, कर्नल पवन सिंह, 666 आर्मी एविएशन स्क्वॉड्रन, विंग कमांडर वर्नोन डेसमंड कीन, स्क्वाड्रन लीडर दीपक कुमार, द आर्टिलरी रेजिमेंट के सूबेदार पी. पबिन सिंगा, मेजर साहिल रंधावा को शौर्य चक्र दिया गया। लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, एईओ आईएनएस विशाखापट्टनम को शौर्य चक्र प्रदान किया है। आर्मी सर्विस कोर्प्स 34 राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर तृप्तप्रीत सिंह को शौर्य चक्र प्रदान किया गया।

## आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को मिला जापान-यूएई का साथ

- भारत के दो सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के समक्ष दोनों देशों ने मजबूती के साथ की इसकी घोषणा
- कनिमोझी की अगुवाई वाला तीसरा प्रतिनिधिमंडल विदेश यात्रा पर हुआ रवाना
- 7 में से 3 प्रतिनिधिमंडलों की हो चुकी रवानगी, 3 और 24 मई को और अंतिम 7वां 25 मई को विदेश जाएगा

**नई दिल्ली (ब्यूरो.)।** पहलगाम हमले और उसके जवाब में की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद आतंकवाद के मामले पर दुनियाभर से समर्थन जुटाने और इस क्रूर कृत्य को लेकर पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए निकले भारत के दो सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने गुरुवार को जापान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंचकर अपनी बातचीत के सिलसिले को आगे बढ़ाया। जिसमें दोनों देशों का आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई में भारत को पुरजोर समर्थन मिला है। जापान ने साफ तौर पर कहा कि आतंकवाद को किसी भी रूप में कतई तर्कसंगत नहीं ठहराया जा सकता है और वह इसके खिलाफ लड़ाई के मामले पर भारत और बाकी दुनिया के प्रति अपनी सद्भावना प्रकट करता है।

#### भारत को अपना समर्थन दोहराया

यूएई ने वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ जारी जंग में भारत को अपने दृढ़ समर्थन को प्रतिबद्धता के साथ दोहराया है। खाड़ी के प्रमुख देश ने ये भी कहा कि आतंकवाद केवल वैश्विक खतरा नहीं बल्कि यह समूची मानवता के लिए खतरा है। जापान में जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) नेता संजय कुमार झा की अगुवाई में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। जिसने जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया से बातचीत की। दल ने जापानी विदेश मंत्री से भारत की आतंकवाद के खिलाफ जारी जंग में समर्थन प्रदान करने की अपील की। साथ ही संजय झा ने पहलगाम हमले को केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की शांति और विकास को बाधित करने का एक कुकृत्य बताया। ताकेशी ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों और घायलों दोनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं।

## पीएमएलए से जुड़े 3 कॉलेजों समेत 16 स्थानों पर मारा छापा, स्वर्ण तस्करी का मामला

**बेंगलुरु।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव और अन्य के खिलाफ कथित सोना तस्करी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर राव से जुड़े स्थानों पर गुरुवार को भी छापेमारी जारी रखी। राज्य में सिद्धार्थ इंजीनियरिंग कॉलेज, सिद्धार्थ मेडिकल कॉलेज और सिद्धार्थ कॉलेज में तलाशी जारी रही। ईडी के अधिकारियों ने बुधवार को पीएमएलए के तहत राज्य में 16 स्थानों पर छापेमारी की। जिसमें हवाला ऑपरेटरों और आवास प्रवेश ऑपरेटरों को निशाना बनाया गया। इन पर राव के खातों में फर्जी वित्तीय लेनदेन के आरोप हैं। ईडी ने राव के मामले सहित भारत में बड़े सोना तस्करी रैकेट के संबंध में सीबीआई और राजस्व खुफिया निदेशालय की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कुछ महीने पहले पीएमएलए का मामला दर्ज किया था।

## राहुल ने डीयू परिसर का दौरा किया वंचित वर्गों के छात्रों से बातचीत की

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) का दौरा किया और अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदायों के छात्रों के साथ बातचीत की। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) अध्यक्ष के कार्यालय में आयोजित संवाद सत्र में कई कॉलेजों और विभागों के छात्र शामिल हुए। डूसू के एक बयान में कहा गया है कि छात्रों के साथ बातचीत करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लोकतांत्रिक भागीदारी और समावेशी शैक्षणिक स्थानों के महत्व पर प्रकाश डाला। कांग्रेस नेता ने छात्रों के साथ जाति-आधारित भेदभाव, संकाय पदों और शीर्ष प्रशासनिक पदों पर हाशिए पर रहने वाले समुदायों के प्रतिनिधित्व की कमी और शीर्ष बहुराष्ट्रीय निगमों में भर्ती से 'उन्हें अलग रखे जाने' पर चिंता जताई।



## ये भी बोले जयशंकर



- पाक सेना ने आतंकियों के समर्थन में भारत पर हमला किया
- आतंकियों के विरोध में 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी भी जारी है

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर का बड़ा बयान

# मुनीर कट्टरपंथी, पहलगाम आतंकी हमला उसी का नतीजा पाक के साथ संघर्षविराम द्विपक्षीय था और आगे भी रहेगा

डॉ. जयशंकर ने कहा कि आतंकी हमला कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर किया गया था क्योंकि कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर ही आधारित है। हमले से धार्मिक भेदभाव को बढ़ाने की कोशिश की गई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ एम्सटर्डम

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पाकिस्तानी सेना के प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर पर तीखा हमला बोला और उन्हें धार्मिक कट्टरपंथी बता दिया। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला उस कट्टरपंथी सोच का ही नतीजा है। नीदरलैंड में डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी किए गए आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया। डॉ. जयशंकर ने कहा कि 'भारतीय क्षेत्र जम्मू कश्मीर के पहलगाम में बर्बर आतंकी हमला किया गया, जहां 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी गई। यह हमला कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर किया गया था क्योंकि कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर ही आधारित है। हमले के द्वारा धार्मिक भेदभाव को बढ़ाने की कोशिश की गई और लोगों को धर्म पूछकर मारा गया। पाकिस्तान की सेना के जो प्रमुख हैं, वो खुद धार्मिक कट्टरपंथी हैं। पहलगाम में हुआ आतंकी हमला उसी कट्टरपंथी सोच का नतीजा है।

### आतंकी पाक में हैं, वहीं मारेंगे

*जयशंकर ने कहा ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है क्योंकि इसमें एक स्पष्ट संदेश है कि अगर 22 अप्रैल जैसा हमला होता है, तो जवाब दिया जाएगा, हम आतंकवादियों को मारेंगे। अगर आतंकवादी पाक में हैं, तो हम उन्हें वहीं मारेंगे। भारत ने आतंकवाद से निपटने के लिए एक नया तरीका अपनाया है।*

### भारत की जवाबी कार्रवाई के बाद पाक संघर्षविराम के लिए तैयार हुआ

*विदेश मंत्री ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इनकार किया। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम द्विपक्षीय तौर पर हुआ। इस समझौते में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी और न ही पाकिस्तान के साथ किसी भी बातचीत में अमेरिका शामिल होगा। उन्होंने कहा कि हमने हर उस व्यक्ति को एक बात बहुत स्पष्ट कर दी।*

### इजराइल ने कहा 'धन्यवाद, प्रिय मित्र'

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने वाशिंगटन में इजराइली राजनयिकों की हत्या की सख्त निंदा की है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मैं वाशिंगटन डीसी में इजराइली राजनयिकों की हत्या की कड़ी निंदा करता हूं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके परिवारों और सहयोगियों के साथ हैं। अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। इजराइली विदेश मंत्री गिदोन सार ने विदेश मंत्री के पोस्ट पर जवाब दिया, 'धन्यवाद, प्रिय मित्र!'


### आतंकी ठिकानों पर किए हमले

*विदेश मंत्री ने कहा कि पहलगाम हमले के पीछे टीआरएफ और लश्कर ए तैयबा जैसे आतंकी संगठन हैं और टीआरएफ ने हमले की जिम्मेदारी भी ली है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को 2023, 2024 में टीआरएफ पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। हमने पहलगाम आतंकी हमला करने वाले लोगों की पहचान की और ये कोई छिपी हुई बात नहीं है और उसके बाद उन्हें निशाना बनाया।*

## भारत का तुर्की को दो टूक संदेश: विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल बोले

# पाक से आतंकियों को समर्थन बंद करने को कहें, उन पर कार्रवाई करें

पाकिस्तान उन आतंकियों को भारत को सौंपे, जिनकी सूची दी गई है



जायसवाल ने कहा कि हम दुनिया से आग्रह करना चाहते हैं कि वे सीमा पार आतंकवाद के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराएं। पाकिस्तान पिछले 40 वर्षों से भारत के खिलाफ आतंकवाद को अंजाम दे रहा है।

### सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का विदेशों में जाना एक राजनीतिक मिशन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने गुरुवार को कहा कि उसे उम्मीद है कि तुर्की, पाकिस्तान पर सीमा पार आतंकवाद को समर्थन बंद करने के लिए सख्ती से कहेगा। भारत चाहता है कि तुर्की, पाकिस्तान से आतंकवादी तंत्र के खिलाफ कार्रवाई करने को भी कहे। भारत को लगता है कि तुर्की इस मामले में पाकिस्तान पर दबाव बना सकता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक ब्रीफिंग में भारत का रुख साफ किया है।

उन्होंने कहा कि भारत को उम्मीद है कि तुर्की, पाकिस्तान से आतंकवाद को समर्थन बंद करने को कहेगा। जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान को अपनी धरती पर पल रहे आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। भारत को उम्मीद है कि तुर्की इस मामले में पाकिस्तान पर दबाव बनाएगा। जायसवाल ने कहा कि सेलेबी मामले पर तुर्की दूतावास से बात की गई है। लेकिन मुझे लगता है कि यह फैसला नागरिक उड्डयन सुरक्षा ने लिया था।

### बातचीत और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते

जायसवाल ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच कोई भी जुड़ाव द्विपक्षीय होना चाहिए। बातचीत और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते। पाकिस्तान उन कुख्यात आतंकवादियों को भारत को सौंपे जिनकी सूची कुछ साल पहले पाकिस्तान को दी गई थी। जम्मू और कश्मीर पर कोई भी द्विपक्षीय चर्चा केवल पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करने पर होगी। सिंधु जल संधि भी तब तक स्थगित रहेगी जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता। जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते।

### चीन को दिया था कड़ा जवाब

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारे एनएसए और चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने 10 मई 2025 को एक-दूसरे से बात की थी। एनएसए ने पाकिस्तान से उत्पन्न सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख से अवगत कराया था। चीनी पक्ष अच्छी तरह से जानता है कि आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता भारत-चीन संबंधों का आधार बने हुए हैं।

### पाकिस्तान के नापाक कामों को उजागर करने की आवश्यकता

जायसवाल ने कहा कि हम आतंकवाद से लड़ने के अपने संकल्प को दुनिया तक पहुंचा रहे हैं। हम चाहते हैं कि दुनिया आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से लड़ने के लिए एक साथ आए। हम दुनिया से आग्रह करना चाहते हैं कि वे सीमा पार आतंकवाद के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराएं। पाकिस्तान पिछले 40 वर्षों से भारत के खिलाफ आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। उसके नापाक कामों को उजागर करने की आवश्यकता है। उसे भारत के खिलाफ किए गए आतंकी हमलों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। इसलिए सात प्रतिनिधिमंडल बनाए गए हैं। तीन प्रतिनिधिमंडल रवाना हो चुके हैं। यह एक राजनीतिक मिशन है।

### बांग्लादेश के 2369 अवैध अप्रवासी रह रहे, जल्द ही वापस भेजेंगे

विदेश प्रवक्ता ने कहा कि भारत में लंबे समय से अवैध प्रवासी रह रहे हैं। इसमें से बांग्लादेश के 2369 से अधिक अवैध प्रवासियों को निर्वासित किया जाना है। इसके लिए हमने बांग्लादेश से उनके सत्यापन और उनको वापस लेने के लिए कहा है। इसमें कई प्रवासी ऐसे हैं जिन्होंने अपनी सजा पूरी कर ली है। जबकि कई का 2020 से सत्यापन लंबित है। बांग्लादेश इस पर जल्द कार्रवाई करे।

### राजनयिकों की सुरक्षा सर्वोपरि

वाशिंगटन डीसी में इजराइली दूतावास के 2 कर्मचारियों की हत्या पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम हमले की निंदा करते हैं। हम पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। इस कृत्य के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए, राजनयिक कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोपरि है।

### देश में अब तक कोरोना से 257 लोग संक्रमित

**नई दिल्ली।** हांगकांग-सिंगापुर और चीन के कई हिस्सों से शुरू हुई कोरोना की नई लहर अब भारत में भी दस्तक दे चुकी है। 22 मई, गुरुवार तक देश में कुल 257 लोग संक्रमित पाए गए हैं। भारत में 12 मई से 19 मई के बीच सप्ताह में 164 नए कोविड मामले दर्ज किए गए, जिससे देश में कुल सक्रिय मामले 257 हो गए। केरल में सबसे अधिक 95 मामले हैं, जो पिछले सप्ताह की तुलना में 69 मामलों की वृद्धि है। इसके बाद तमिलनाडु में 66 और महाराष्ट्र में 56 मामले हैं।






### 'ओवल ऑफिस' में एक और नाटकीय घटना, ट्रंप ने रामाफोसा को भी दिखाए तेवर

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यालय 'ओवल ऑफिस' को एक तरह से अखाड़े में तब्दील कर दिया है और इसी तरह का एक और 'नाटकीय' दृश्य बुधवार को भी देखने को मिला जो ट्रंप के हिसाब से भी असाधारण था। अमेरिका आए अपने मेहमान दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा की मौजूदगी में ट्रंप ने बत्तियां बुझाने और वहां लाए गए एक टीवी पर वीडियो चलाने का आदेश दिया तथा इसी के साथ 'ओवल' की कहानियों में एक नया प्रसंग जुड़ गया। ट्रंप टीवी पर दक्षिण अफ्रीका से जुड़ा एक वीडियो देख रहे थे जबकि रामाफोसा ने मुंह फेर रखा था। लगभग चार मिनट के वीडियो में अश्वेत नेताओं को श्वेत दक्षिण अफ्रीकी लोगों पर हमला करने के संबंध में रंगभेद विरोधी नारे लगाते दिखाया गया। इनमें एक भी नेता रामाफोसा की सरकार या राजनीतिक दल का नहीं था।

### दुनिया की सबसे बड़ी फैक्टरी में आईफोन बनाएंगे रोबोट

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी कॉन्ट्रैक्ट इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माता और एपल की प्रमुख आईफोन सप्लायर फॉक्सकॉन जल्द ही पूरी तरह से ऑटोमेशन की ओर बढ़ने जा रही है। कंपनी के चेयरमैन यंग लियू ने ताइपे में कहा कि भविष्य में फैक्ट्रियों में ज्यादातर मैन्युअल काम रोबोट और जनरेटिव एआई द्वारा किया जाएगा, जिससे कम कुशल मानव श्रमिकों की जरूरत कम हो जाएगी। यंग लियू ने बताया कि कंपनी पहले से ही अपने वर्कफ्लो में जनरेटिव एआई को शामिल कर चुकी है, जिससे उत्पादन की दक्षता में तेजी आई है।

### भारत-अमेरिका के बीच नए टैरिफ फार्मूले पर अंतिम निर्णय शीघ्र, 8 जुलाई से लागू होना है नया प्लान

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** भारत और अमेरिका के बीच 90-दिवसीय टैरिफ निलंबन अवधि का लाभ उठाकर समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। विदित हो कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ की अवधि को तीन महीने के लिए बढाया था जिसकी अवधि 8 जुलाई को खत्म हो रही है। उसके बाद दोनों देशों के बीच नई टैरिफ की रीति नीति कैसे काम करेगी इस पर दोनों देशों के बीच लगातार संवाद का काम चल रहा है। अमेरिका भारत से कुछ रियायतें चाहता है, विशेष रूप से व्यापार घाटे को कम करने के लिए। भारत की चाहत भी कुछ ऐसी ही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में वाशिंगटन में अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर और वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक के साथ बैठक की। बताया गया कि बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है। टैरिफ समझौता व्यापार में स्थिरता लाने और दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

### भारत में बनी एके-203 असॉल्ट राइफलों का अन्य देशों में होगा निर्यात

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस ने भारत के 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के हक में बड़ा फैसला लिया है। अब भारत में बनी रूसी असॉल्ट राइफलों का दूसरे देशों में निर्यात किया जा सकेगा। रूस के निर्यात निकाय ने रूसी-भारतीय उद्यम को अन्य देशों को निर्यात के लिए रूसी तकनीक से युक्त असॉल्ट राइफलों के उत्पादन की अनुमति दे दी है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास ने रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के प्रमुख के हवाले से यह जानकारी दी है। एके-203 असॉल्ट राइफल, एके-200 राइफल का एक वैरिएंट है, जिसे भारतीय में इस्तेमाल किए जाने वाले 7.62 x 39 मिमी कारतूस के लिए बनाया गया है। एके-200 सीरीज की ये राइफल एक मिनट में 700 राउंड फायर कर सकती है। हथियार को चुने जाने से पहले सेना ने इसका व्यापक परीक्षण किया था। सेना को रूस से सीधे 70,000 राइफलें पहले ही मिल चुकी हैं।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25